हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, रविवार, 17 नवंबर 2024
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

## जन्मदिन मनाकर लौटे दोस्तों में विवाद, चाकू से वार कर किया घायल, दो नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

### ठीक से नहीं चलने की बात पर गहराया विवाद, बीती रात की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



जन्मदिन मनाकर लौटे दोस्तों के बीच विवाद का मामला चाकूबाजी तक पहुंच गया। ठीक से नहीं चल रहे हो कहते हुए युवक से दो नाबालिग सहित एक युवक ने मिलकर गाली-गलौज करते चाकू से हमला कर दिया, जिसे गंभीर अवस्था में उपचार हेतु भर्ती किया गया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थिया श्रीमती ईशा ढोंगे उम्र 34 वर्ष साकिन दीवानपारा दीपक ज्वेलर्स के पास ने 16 नवंबर की रात्रि में थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात्रि सवा 11 बजे दीवानपारा पुलिया गांधी चौक के पास आरोपी भुनेश्वर रजक निवासी प्रभात नगर व अन्य दो मोटर साइकिल से आए और इसके भाई श्रीकेश ढोंगे उर्फ सन्नी उम्र 33 वर्ष को ठीक से रास्ते में नहीं चल सकता, कहकर गाली-गलौज व विवाद कर जान से मारने की नियत से अपने पास रखे धारदार चाकू से कई बार वार कर प्राणघातक हमला करने से गंभीर हालत में ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती करना बताया। रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 109, 3 (5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया।

### चाकू एवं बाइक बरामद

इस मामले में एसपी मोहित गर्ग के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में रात्रि में ही थाना कोतवाली से टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी हेतु शहर में रवाना कर आरोपी भुनेश्वर रजक उर्फ जिग्गू पिता अशोक रजक उम्र 20 वर्ष साकिन प्रभात नगर एवं 2 विधि से संघर्षरत बालको को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया था। पूछताछ पर अपराध घटित करना स्वीकार किए। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 2 नग लोहे का धारदार चाकू व एक मोटर साइकिल को जब्त कर 16 नवंबर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल व संप्रेक्षण गृह दाखिल किया गया।

## अधेड़ की हत्या, सनसनी

- झूमाझटकी के बाद हत्या, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**राजनांदगांव।** चोरी की नियत से घर में घुसे युवक से घर में अधेड़ के जाग जाने पर झूमा-झटकी हुई। जिससे आरोपी युवक ने अधेड़ के गले को रस्सी से बांधकर एवं ब्लेड से हमला कर उसकी हत्या कर दी। बीती रात हुए इस घटनाक्रम की जानकारी होने पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। इस मामले में आरोपी की पता तलाश कर हिरासत में लिया गया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार चिचोला पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमलीडीह में बीती रात रामकुमार साहू 55 वर्ष अपने घर में सो रहा था। इस दौरान गांव का ही एक युवक उक्त घर में चोरी की नियत से घुसा। इस दौरान राजकुमार जाग गया। जिससे उसके साथ युवक के बीच झूमाझटकी हुई। इस दौरान आरोपी युवक ने राजकुमार के गले में रस्सी बांधकर एवं गले व शरीर के अन्य हिस्से में ब्लेड से हमला कर उसकी हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया।

### आरोपी हिरासत में

सुबह जब रामकुमार अपने घर में मृत अवस्था में ग्रामीणों ने देखा, तब इसकी सूचना पुलिस को दी, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घटनास्थल कर निरीक्षण किया एवं जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी संदेही सजवंत उम्र लगभग 27-28 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। चिचोला पुलिस के अनुसार मृतक के परिजन दूसरे शहर में कमाने गए हुए हैं, वह अकेला रह रहा था और सब्जी बेचने का व्यवसाय कर रहा था। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध: ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • धड़कन का कम या ज्यादा होना
• उच्च रक्तचाप, • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• ब्लड शुगर, • थायराइड • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• चलने पर सांस फूलना, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व
• कंधों में जकड़न, खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365






## खबर संक्षेप

### दीपावली मिलन समारोह आयोजित



**लाल बहादुर नगर।** तहसील साहू संघ लाल बहादुर नगर ने भक्त मां कर्मा भवन में तहसील स्तरीय दीपावली मिलन का आयोजन रखा। मुख्य अतिथि जिला साहू संघ राजनांदगांव के अध्यक्ष भागवत साहू, विशिष्ट अतिथि मदन साहू, तहसील डोंगरगढ़ के अध्यक्ष हंसराज साहू, डोंगरगांव के अध्यक्ष हेमंत साहू, पूर्व जिला महामंत्री अमरनाथ साहू, भुवाल साहू, जगमोहन साहू थे। कार्यक्रम की शुरुआत भक्त माता कर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलन एवं आरती से हुआ। तहसील अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने स्वागत भाषण एवं दीपावली मिलन समारोह का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया।

### हर्षोल्लास से मनाया वाल्मिकी जयंती



**डोंगरगढ़।** सुदर्शन वाल्मिकी समाज ने हर्षोल्लास के साथ महर्षि सुदर्शन वाल्मिकी की जयंती मनाया। जयंती के अवसर पर समाज ने शोभायात्रा निकाला जो सेवा नगर से करबला चौक, सुदर्शन चौकी पहुंची। यहां समाज प्रमुखों ने ध्वजारोहण, प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना किया। इस मौके पर भोजन प्रसादी बांटी गई। कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने समाज की मांगो को जल्द पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, धीरज मेश्राम, शिशुपाल भारती, रामजी तराने, परविंदर सिंह मोंटी, तरुण हथेल, उमेश हथेल, बृजलाल, समुदरे, मोहन मधुमटके ,दीपक समुद्रे, दीना समुंद्रे, सतीश समुंद्रे,चमन समुंद्रे, मुकेश समुंद्रे, संतोष मधुमटके, पवन मधुमटके, नरेश करसे, विनोद करसे, विजय करसे, संजू बक्सरे, शुभम परिहार,मनीष समुंदरे सहित अन्य शामिल हुए।

### गुरु पर्व पर पूर्व मंत्री ने टेका माथा



**अछोली।** सिख पंथ के प्रथम गुरु गुरुनानक देव के प्रकाश पर्व पर पूर्व मंत्री धनेश पटिला, पूर्व विधायक भुवनेश्वर सिंह बघेल ने गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेका। उन्होंने समाजिक जनों से मिलकर गुरुनानक जयंती की बधाई दी। इस दौरान डॉ थानेश्वर पटिला, शिव निषाद, अनिल मेश्राम, हरीश भंडारी, रिम्मी भाटिया मौजूद थे।

### सड़क हादसा में युवक घायल

**कुर्रुभाट।** डोंगरगढ़ राजनांदगांव मार्ग पर कुर्रुभाट के पास सड़क हादसा घटित हुआ। एक तेज रफ्तार बाइक ट्रैक्टर से टकरा गई। बाइक मुरमुंदा से डोंगरगढ़ आ रही थी। बाईक में दो युवक सवार थे। ट्रैक्टर डोंगरगढ़ कुर्रुभाट की ओर जाने के लिए मुड़ रहाथा तभी बाइक टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बा एक अन्य बाइक सवार मौके से रफूचक्कर हो गया।

### सांस्कृतिक कला मंच का लोकार्पण



**खुज्जी।** सीताक्रसा में सांस्कृतिक कला मंच का लोकार्पण विधायक भोलाराम साहू ने किया। इस मौके पर विधायक साहू ने जनता की मांग पर लाखों के विकास कार्यों की घोषणा की। इस अवसर पर मनोज सिन्हा, राजू सिन्हा, प्रताप धावड़े, राजकुमारी सिन्हा, बिंझवार मंडावी, ज्योति कोठारी, तुलसीराम साहू, किरण रामटेके, भादूराम, अशोक, भुनेश्वर कोठारी, सुंदर साहू, ग्यानिकराम, घनाराम, कमलेश गंधर्व, तुलसी मंडावी, आत्माराम, झरोख साहू आदि उपस्थित थे।

### नाम जोड़ने की प्रक्रिया जारी

**डोंगरगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय एवं त्रि स्तरीय पंचायत के निर्वाचन की तैयारी प्रारंभ कर लिया है। इसी कड़ी में मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन करते हुए एक अक्टूबर की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाले व्यक्तियों के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु दावा -आपत्ति के लिए तिथिवार कार्यक्रम घोषित किया गया है। नगरीय निकाय क्षेत्र की मतदाता सूची में नाम सम्मिलित करने, संशोधन, विलोपन हेतु दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 24 नवंबर तथा प्ररूप क-1 में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर है। त्रि स्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु दावा आपत्ति की अंतिम तिथि 20 नवंबर तथा प्ररूप क-1 में आवेदन करने की अंतिम तिथि 27 नवंबर है।

### पंडित नेहरू को श्रद्धा के साथ सभी ने किया नमन

# बाल मेला में स्कूली बच्चों ने किया अपने हुनर का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव





भारतीय पब्लिक स्कूल में पं जवाहर लाल नेहरू को याद करते हुए शनिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात रिबन काटकर मानव समाज कल्याण की अध्यक्ष शैलजा पाण्डेय ने किया। तत्पश्चात माँ सरस्वती एवं पं नेहरू की पूजा अर्चना किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षता प्राचार्य सुनील कुमार पाण्डेय ने किया। विशिष्ट अतिथि श्री मौर्य, कमलकांत साहू, राजेन्द्र कुंवर, बिरेन्द्र राजपूत, प्रधान पाठक पीएल बया एवं प्रधान पाठिका दामिनी यदु थी। चंचल आदि ने सरस्वती वंदना एवं करूणा आदि ने छत्तसीगढ़ी रिमिक्स पर नृत्य प्रस्तुत किया। अतिथियों, पालकों एवं नागरिकों ने विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए गुपचुप, भेल, समोसा, इडली, जूस, पास्ता, पेस्ट्री, कटलेट, ब्रेड पकोड़ा, चाईनीज, मैगी, ढोकला के स्टाल में जाकर आनंद लिया। तत्पश्चात लोगों के लिए खेल का आयोजन किया गया। सभी ने बाल से निशाना लगाकर गिलास को गिराने का आनंद लिया। पालकों ने कक्षा 11वीं एवं 12 वीं के बच्चों द्वारा तैयार डीजे डांस में हिस्सा लिया। अंत में भूत बंगला को लोगों ने देखा। हायर सेकेण्डरी के बच्चों द्वारा तैयार भूत बंगला रहस्य से भरपूर और रोमांचित कर देने वाला था। इस मौके पर देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, रेणुका साहू अनुराधा सोनटेके, जमुना साहू, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन, गौरव देवांगन, संजू उके, रश्मि देवांगन, लक्ष्मी राजपूत, दुबीलता ठाकुर, वीणा एवं उषा साहू आदि मौजूद थे। यह जानकारी राजेन्द्र कुंवर ने दी।

**अर्जुनी।** बिजेभांटा में बाल दिवस के मौके पर बाल मेला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु थी। अध्यक्षता सरपंच कुमारी बाई साहू ने की। विशेष अतिथि मोनिका साहू, चंद्रकला यादव, भगवानदास यादव, शाला अध्यक्ष टोमन साहू, प्राचार्य शोभा श्रीवास्तव थी। इस मौके पर बच्चों ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति का प्रदर्शन करते हुए सुवा नृत्य प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाए। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती यदु ने बच्चों के प्रयास की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में व्यपारिक कुशलता बढ़ती है।

**मुसराकला।** उच्चतर माध्यमिक शाला मुसरा में बाल दिवस के अवसर पर बाल मेला का आयोजन किया गया। विद्यार्थियो ने रंगोली, निबंध, कबड्डी, रस्सीकूद, रस्सी खींच, जलेबी दौड़, आलू दौड़, 100 और 400 मीटर दौड़, गोला फेंक, तवा फेंक प्रतियोगिता का आयोजन। विद्यार्थियो ने दाबेली, गुपचुप, मंचूरियन,दोसा, इडली, भेल, समोसा आदि के स्टॉल लगाया। इस दौरान प्राचार्य कौशलराम चंद्रवंशी, शिक्षक, सरपंच कँवल निर्मलकर, मोहित साहू, बजरंग साहू, लोकेन्द्र वैष्णव उपस्थित थे।

#### अध्यक्ष ने कराया मुंह मीठा



**अंबागढ़ चौकी।** पं जवाहरलाल नेहरू की जयंती कन्या शिक्षा परिसर में बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था प्रमुख पीएल साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या रमेश ताम्रकार ने नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया। श्रीमती ताम्रकार के सौजन्य से छात्राओं और स्टॉफ को भोजन कराने के बाद मिठाई खिलासर गया। इस अवसर पर नपं उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम, पार्षद अशोक वर्मा, साधना सिंह, विजय यादव, विमला कलिहारी, शीतल भुआर्य, सुरेश नेताम, गोपाल शर्मा, नंद कुमार, कुंजन, राजू, मनोज मसीह, श्री सिंग, चंद्रमोहन योगी, हेमा बसंती आदि उपस्थित थे।

#### मंडई का जीवंत प्रदर्शन

**टाटेकसा।** जोब शाला में गत दिनों बाल मेला का आयोजन किया गया। प्राथमिक, माध्यमिक शाला और हाईस्कूल के बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाया। ग्रामीणों एवं शिक्षकों की उपस्थिति में बच्चों ने ग्रामीण संस्कृति के अनुरूप दोहा एवं राऊत नाचा के साथ बैरग का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर शिक्षकों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।







### किसानों ने की मुआवजा और रेलवे नौकरी की मांग

**डोंगरगढ़।** डोंगरगढ़ से कवर्धा तक के गांव के किसानों की बैठक करेला भवानी मंदिर प्रांगण में रखा गया। बैठक में जमीन के बदले उचित मुआवजा और नौकरी की मांग को रणनीति बनाया। किसानों ने कहा कि जब तक उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी नही दिया जाएगा तब तक डोंगरगढ़- कटघोरा रेल लाइन के लिए अपनी जमीन नहीं देंगे। किसानों ने कहा कि यह परियोजना 2017-18 की है। 2016 में सर्वे हुआ था। बीते सालों में बहुत सारे किसान खेतों में बोर खनन करवा लिया है तो कई ने घर बना लिया है। किसानों का कहना है कि नया सर्वे कर उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को नौकरी दिया जाना चाहिए।

#### ग्रामीण कल सौंपेगे ज्ञापन

किसानों में आगामी सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन देने का निर्णय लिया है। ज्ञापन सौंपने अछोली, जट्टकन्हार, नागतराई, बेलगांव, ठाकुरटोला, कोलेंद्रा, छपारा, सिवनीकला, धुसेरा, रिवागहन, भैंसरा, कटली, कातलवाही, बिजनापुर, सारंगपुर, घोंघेडबरी, उरईडबरी, सलगापाठ, प्रकाशपुर, जुरलाकला, टेकापार, दपका, पेन्ड्रीकला, दिलीपपुर, संडीडीह दठनढार, रमडवा, हनईबन, जंगलपुर, बेलगांव, गंडई के किसान पहुंचेगे।

### प्रीतिबाला व चंद्रशेखर सम्मानित



**डोंगरगढ़।** नगर की प्रीतिबाला लाटिया और चंद्रशेखर बोरकर को छत्तीसगढ़ रत्न से अंबिकापुर में सम्मानित किया गया। अंबिकापुर में गत दिनों आयोजित एक कार्यक्रम में प्रीतिबाला लाटिया को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान और चंद्रशेखर बोरकर को महिला सशक्तिकरण एवं स्वच्छता के लिए चयनित कर छत्तीसगढ़ रत्न से सम्मानित किया गया। दोनों को पहले भी कई अवार्ड मिल चुके है। श्रीमती लाटिया शिक्षा के महत्व को बच्चों, बुजुर्गों व युवाओं को बताने के साथ आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में मदद भी किया। इसी प्रकार चंद्रशेखर बोरकर अति पिछड़ी बस्ती में निवास कर लोगों के जीवन में सुधार लाने का प्रयास किया। महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए महिला समूह बनाया। सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर महिलाएं आत्मनिर्भर हुई हैं। कई महिलाएं मिशन क्लीन सिटी से जुड़कर काम कर रही है जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है।

## शिविर में ग्रामीणों के सेहत की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ घोटिया

सीएमएचओ नेतराम नवरत्न एवं डीपीएम संदीप ताम्रकार के मार्गदर्शन में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर घोटिया में स्वस्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत घोटिया को एनीमिया मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। आगामी माह में गांव को स्वस्थ बनाने स्वास्थ्य सुरक्षा, शिक्षा, संस्कार, सुपोषणअभियान के माध्यम से किशोरी बालिकाओं को प्रशिक्षण देकर जागरूक करने की योजना बनी ताकि मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु न हो। शिविर में बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, सिकलसेल, एनीमिया आदि की जांच कर इलाज किया गया। स्वास्थ्य शिविरमें 35 पुरुष एवं 82 महिलाओं की जांच की गई। इस दौरान कुर्सी दौड़, मोमबत्ती दौड़ आदि खेल का आयोजन किया गया, जिसमें विजेताओं को पुरस्कार दिया गया। शिविर में बीएमओ डॉ बीपी एक्का, बीपीएम मुक्ता ने मार्गदर्शन दिया। इस मौके पर सुदेश टेंबुरकर, डागेश्वरराय, मुकेश गुनेंद्र, अनिता ध्रुव, भैरव निर्मलकर, पार्वती मंडावी, भारती सिन्हा, रेखाराम यादव, ईश्वर, दिलीप मंडावी, दिनेश मंडावी, अमेरिकाबाई, पीतांबर मौजूद थे।

### खपरी में सत्यप्रकाश और करमतरा में रोहित अध्यक्ष

# साहू समाज ने बनाए दो नए परिक्षेत्र



**डोंगरगांव।** तहसील साहू संघ ने प्रदेश साहू संघ के निर्देशानुसार जिला साहू संघ राजनांदगांव के मार्गदर्शन में राजस्व तहसील अनुसार नया परिसीमन किया है।

तहसील क्षेत्र में 2 नवीन परिक्षेत्र खपरीकला व करमतरा का गठन किया गया। खपरीकला अंतर्गत खपरीकला, झिटिया, बांकल, हरदी, टेका, कन्हारडबरी सम्मलित है। इसी तरह करमतरा परिक्षेत्र में करमतरा, मोखली, मरेठा नवागांव, भोथली, संबलपुर, कुतुलबोड भाठागांव, सिर्रा को शामिल किया गया है। तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने तहसील संरक्षक अमरनाथ साहू, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, संगठन सचिव सुरेन्द्र साहू, तहसील अध्यक्ष राजनांदगांव अंजू साहू, जिला संगठन सचिव महेंद्र साहू की उपस्थति में विचार विमर्श कर खपरीकला में सत्यप्रकाश साहू, करमतरा में रोहित साहू को अध्यक्ष मनोनित किया है। परिक्षेत्र अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों का सर्व सम्मति से मनोनयन किया जिन्हे तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू ने शपथ दिलाया।

इस अवसर पर जीएल सोनबोईर, चंद्रशेखर साहू, आरआर साहू, जगदीश साहू, देवलाल साहू, चंद्रकृत साहू, जगन्नाथ साहू, निवेदन साहू, पिताम्बर साहू, गोवर्धन साहू, हेमंत साहू, नंदनी साहू, योगेन्द्र साहू, रामकुमार साहू, तिलक साहू, टुम्मन साहू, नूतन साहू, शैलेन्द्र साहू, निर्भय साहू, प्रभू राम साहू आदि उपस्थित थे।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082



















विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### कलकसा में मनाया गौरव दिवस

**कलकसा।** स्थानीय ग्राम पंचायत में गत दिनों जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पूजा अर्चना किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच अशोकदास साहू, विशेष अतिथि मुनीश शर्मा जिला प्रबंधक अग्रणी बैंक राजनांदगांव, सुश्री कृष्णा कुमारी भगत प्रबंधक बैंक ऑफ बड़ौदा थी। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। केन्द्र एवं राज्य सरकार, आदिम जाति विकास विभाग की योजनाओं से अवगत कराया। उपस्तिथि जनसमुदाय को स्वच्छता की शपथ दिलाया गया। आयुष्मान कार्ड एवं बैंकऑफ बड़ौदा ने स्टाल लगाया। ग्रामीणों को सरपंच श्री साहू, श्री शर्मा एवं सुश्री भगत ने संबोधित किया। जन शिक्षण संस्थान राजनांदगांव ने सिलाई प्रशिक्षण देने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस मौके पर सचिव केदान सिन्हा, नरोत्तम कुंजाम, केशव वर्मा, हिमेश बग्गा, सेवादास, रामगुलाल धुर्वे, पंचम नेताम, सुरजा नेताम, गुनीबाई, सुरज्योतीन, विजय कुमार, रमेश , जीतलाल, शत्रोहन, उमेश यादव, गिरजा, धनेश्वरी, आरती, हेमा, संतोष साहू, मोनिका, सिया सहित अन्य उपस्थित थे।

#### परिसीमन के आधार पर 221 ग्राम पंचायतों को मिलाकर बनाया गया

# अंतिम सूची का प्रकाशन, दस सीटों वाला होगा नया जिला पंचायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राजनांदगाव जिपं के विभाजन बाद नवीन जिले खैरागढ़ छुईखदान गंडई में जिला पंचायत नए रूप में उभरकर सामने आएगा। अब तक जिपं का संचालन राजनांदगाव से होता था, लेकिन अब नया जिला पंचायत क्षेत्र अस्तित्व में आएगा।

क्षेत्रवार परिवर्तन का अंतिम प्रकाशन कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 30 के तहत किया है जिसमें परिसीमन तहत खैरागढ़. और छुईखदान के 221 ग्राम पंचायतों को मिलाकर 10 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र बनाया गया हैं, जिनमें अधिकतम 23 और न्यूनतम 20 ग्राम पंचायत शामिल है हालांकि सीटों का आरक्षण अभी बाकी है। यह भी तय नहीं है कि इनमें से कितनी सीटें महिला, एसटी, एससी, ओबीसी और सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित होंगी।

इस बदलाव के साथ ही राजनैतिक हलचल तेज हो गई है क्योंकि जिला पंचायत का चुनाव पहली बार होने जा रहा है। इसमें भाजपा और कांग्रेस के दिग्गज नेता चुनावी मैदान में उतरने को तैयार हैं। इनकी टिकट संभावनाओं को लेकर चर्चा जोरों पर हैं और राजनैतिक गलियारों में उथल-पुथल मची हुई है। आरक्षण की संभावना को देखते हुए अभी कोई भी नेता इस बात को क्लियर नही कर रहा कि वो किस सीट से दावेदार

### ऐसे क्षेत्र का विभाजन

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 साल्हेवारा में साल्हेवारा,देवपुराघाट, गोलरडीह, सहसपुर, सरोधी, बकरकट्टा, गेरूखदान, नचनिया, सरईपटेरा, भाजीडोंगरी, खादी, आमगांव, जामगांव, रामपुर, कोसमर्रा, समनापुर, चोभर, कोपरो, कुम्हरवाड़ा, समुंदपानी, भावे और साल्हेवारा सरोधी पंचायत शामिल है। क्रमांक 2 पैलीमेटा में पैलीमेटा, मोहगांव, दरबानटोला, सिंगारपुर, ठाकुरटोला, अचानकपुर, जंगलपुर घाट, मानपुर पहाड़ी, गर्रा, देवरच्चा, भोथली, बाई कटोरी, खुड़मुड़ी, उरतुली, झूरानदी, श्यामपुर, लक्ष्मणपुर, कोहलाटोला, कानीमेरा, बीरूटोला, गातापार, चोरलाडीह और लंझियाटोला पंचायत शामिल है। इसी प्रकार क्रमांक 3 कटंगी में लालपुर, देवपुरा, नादिया, लिमो, दुल्लापुर, मुंढाटोला, खौड़ा, ढाबा, बूढ़ासागर, कृतबांस, कटंगी, ठंडार, चकनार, मानपुर, जीराटोला, खैरानवापारा, खैरबना, सडक अतरिया, संडी और कुकुरमुड़ा शामिल है। क्रमांक 4 भुरभुसी में पेंडरवानी, बरबसपुर, चिलगुड़ा, संबलपुर, काशीटोला, गोकना, बागुर, पथर्रा, बिरनपुर कला, कालेगोंदी, धोधा, हनईबन, दनिया, उदान, जोम, बुंदेली, मैनहर, सूराडबरी और भुरभुसी, क्षेत्र क्रमांक 5 उदयपुर में कोटरा,साल्हेकला, कुटेली कला, बोरई, आमाघाट कादा, पद्मावतीपुर, खपरी दरबार, सिलपट्टी, उदयपुर, बुढ़ानभाट, गोपालपुर, आमगांव, शाखा, मुरई, कुटेली खुर्द, खैरी, जंगलपुर, पंडरिया, विचारपुर, भरदागोंड़, घिरघोली और भोरमपुर पंचायत को शामिल किया गया है। क्रमांक 6 पांडादाह में पांडादाह, बेंद्रीडीह, सिंगारघाट, चिचका, नवागांव कंवर, आमदनी, कटंगीखुर्द, देवरी, भरतपुर, मुंहडबरी, कोड़ेनवागांव, बैहाटोला, विक्रमपुर, अमलीडीह कला, कटंगी कला, कोहकाबोड़, भूलाटोला, कुलीकसा, खजरी, दिलीपपुर, सर्रागोंदी और अकरजन, क्रमांक 7 मुढ़ीपार में मुढ़ीपार, गुमानपुर, खपरी सिरदार, गर्रापार, झींकादाह, कलकसा, टेकापार, प्रकाशपुर, जुरलाकला, दामरी, घोठिया, खम्हारडीह, कुम्ही, पिपलाकछार, अचानकपुर नवागांव, गातापार जंगल, लछना, चंर्गुदा, नवागॉव, बैगाटोला, इटार, बरबसपुर और सांकरा को शामिल किया गया है। क्रमांक 8 बाजार अतरिया में बाजार अतरिया सहित भीमपुरी, कुकुरमुड़ा, सिंघौरी, शेरगढ़, भोथी, मड़ौदा, बफरा, सोनपुरी, रगरा, केसला, जोरातराई, चिंगली, चंदैनी, मंडला, लिमतरा, संडी, एटीकसा, ढोलियाकन्हार, बाजगुड़ा, डोकराभाठा, टेकापार कला और कांचरी, क्रमांक 9 जालबांधा में दपका, पेंड्रीकला, भरदाकला, देवारीभाठ, सहसपुर, मुतेड़ा, सोनभटठा, मदराकुही, सलोनी, अवेली, पवनतरा, जालबांधा, करमतरा, रेंगाकठेरा, बिड़ौरी, धनगॉव, बघमर्रा, कामठा, जुनवानी, अछोली, राहुद, पांडुका और सलिहा सहित क्रमांक 10 ठेलकाडीह में बढ़ईटोला, बलदेवपुर, साल्हेभर्री, सिंगारपुर, तुलसीपुर, ठेलकाडीह, महरूमकला, मरकामटोला, विचारपुर, पचपेड़ी, गातापार कला, चारभाठा, सिरसाही, मदनपुर, घोघेडबरी, चिचोला, टोलागांव, रुसे, उरईडबरी, दैहान, परसाही, भंडारपुर और करेला पंचायत शामिल है।

## सांसद प्रतिनिधि भागवत ने किया कबड्डी प्रतियोगिता का उद्घाटन



- गहिराटोला में एक दिवसीय कबड्डी स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के गहिराटोला में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का उदघाटन सांसद प्रतिनिधि व दिशा समिति सदस्य भागवत शरण सिंह ने किया। अध्यक्षता जिला भाजपा प्रवक्ता अनिल अग्रवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नेता हेमूदास साहू, ब्लॉक सतर्कता समिति सदस्य उत्तम दशरिया व सरपंच प्रतिनिधि राधेलाल उइके मौजूद रहे। प्रतियोगिता का संयोजन टेकराम वर्मा ने किया।

युवा जन सेवा नवयुवक मंडल के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह ने कहा कि खेलों के प्रति वनांचल में युवाओं का उत्साह प्रेरणादायी है और इसका असर भी देखने को मिल रहा है। इन देशी खेलों की बदौलत युवा शारीरिक रूप से मजबूत होकर सेना, पुलिस, वन जैसे विभागों में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। उन्होने कहा कि आयोजन में लड़कियों की मौजूदगी को लेकर भी शुभकामना देते हुए कहा कि आज लड़कियां किसी से कम नहीं हैं। इन खेलों में भागदारी के साथ वे भी आगे बढ़ रही हैं। गांव में खेल की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्राम के युवा व आम जन शामिल हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में कबड्डी प्रेमी दर्शको के अलावा ग्रामीण मौजूद थे।

## संगीत विवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- जनजातीय अस्मिता और उनकी कला परंपरा से कराया अवगत

इंदिरा कला संगीत विवि में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन वक्ताओं ने जनजातीय अस्मिता और उनकी कला परंपरा से अवगत कराया। कार्यक्रम अध्यक्षता वनवासी विभाग के प्रचार प्रसार प्रमुख राजीव शर्मा रायपुर ने की।

विशिष्ट अतिथि कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल व अधिष्ठाता लोक संगीत व कला संकाय डॉ योगेन्द्र चौबे रहे। वक्ता के रूप में रामनाथ कश्यप रायपुर, डॉ रवि श्रेय रायपुर व साल्हेवारा स्कूल प्राचार्य बहादुर सिंह खुसरो रहे। इस दौरान राजीव शर्मा ने बताया कि हमारा मूल जनजातीय संस्कृति को बचाने सभी समाज को समझने की आवश्यकता है। जनजातीय समुदाय किसी से पीछे नहीं है उनमें सभी गुण विशेषताएं हैं उन्होंने उनकी संस्कृति को लुप्त होने से बचाने दस्तावेज लेखन पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए उनके बीच रहकर उनकी संस्कृति व विचारों को समझने की आवश्यकता है उसके बाद ही आने वाली पीढ़ी को सही जानकारी मिल पाएगी।

डॉ रवि श्रेय ने बिरसा मुंडा को भगवान का दर्जा क्यों दिया गया इसे लेकर उनकी जीवनी से अवगत कराया। रामनाथ कश्यप ने जनजातीय समूह की आस्था, संस्कृति सहित पौराणिक विषयों की जानकारी दी और जनजातीय समुदाय की अस्मिता से श्रोताओं को अवगत कराया। बहादुर सिंह खुसरो ने बताया कि जनजातीय समाज अपनी अस्मिता को बचाने सदैव तत्पर रहता है। बिरसा मुंडा 25 साल की उम्र में ऐसा कार्य कर गए कि जनजातीय समुदाय उन्हें भगवान मानने लगा। इसके बाद अलग-अलग प्रांत से पहुंचे शोधार्थियों द्वारा जनजातीय समुदाय पर आधारित शोध पत्रों का वाचन किया गया जिसमें डॉ सियाराम साहू, डॉ मीनू रमन, रामेश्वरी महिलांगे, प्रीतम मेरे व कुंती निषाद शामिल है। कुलसचिव प्रेम कुमार पटेल ने संगोष्ठी में उपस्थित सभी का आभार व्यक्त करते हुए सभी कलाकारों से पारंपरिक कलाओं को महत्व देने और मिलजुलकर विवि का नाम आगे बढ़ाने बेहतर कार्य करने कहा।



### अंग्रेजी हुकुमत का विरोध जनजातिय ने किया

संगोष्ठी के पहले दिन कुलपति सत्यनारायण राठौर के मुख्य आतिथ्य और अखिल भारतीय युवा कार्य प्रमुख वनवासी विकास समिति वैभव सुरंगे की अध्यक्षता और राजीव शर्मा, प्रेम कुमार पटेल, डॉ. योगेन्द्र चौबे की उपस्थिति मे शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम संयोजक डॉ योगेन्द्र चौबे ने विवि से संबंधित जानकारी दी जिसके बाद कुलपति सत्यनारायण राठौर ने विवि के अधिकारी-कर्मचारियों सहित स्टूडेंट्स को उक्त कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानियों और उनके द्वारा किए वीरता पूर्वक कार्य से अवगत होने कहा। राजीव शर्मा ने देश प्रदेश में निवासरत जनजातीय समाज की जनसंख्या से अवगत कराते हुए देशभर में आयोजित होने वाले उक्त कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वैभव सुरंगे ने जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत के ऐतिहासिक, सामाजिक के साथ ही विशेषकर आध्यात्मिक क्षेत्र के बारे में जानकारी दी और जनजातीय समाज द्वारा देश को स्वतंत्र कराने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ी लड़ाईयों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अंग्रेजों का विरोध करने वाले प्रथम लोग जनजातीय समाज से ही थे।

### जनयोद्धा टंट्या भील और प्रदेश के योद्धाओं पर आधारित नाटक का मंचन

व्याख्यान बाद इन्दिरा कला संगीत विवि नाट्य विभाग के छात्रों द्वारा भील जनजाति के जन योद्धा टंट्या भील के जीवन पर आधारित नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसके माध्यम से उन्होंने रॉबिनहुड ऑफ इंडिया कहे जाने वाले जनजातीय जन योद्धा टंट्या भील की जीवनी को रेखांकित किया। नाटक का निर्देशन थियेटर विभाग के पूर्व छात्र चंद्रहास बघेल द्वारा डॉ.योगेन्द्र चौबे के मार्गदर्शन में किया गया था। इसके पहले दिन प्रदेश के वीर स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित नाटक पहटिया की प्रस्तुति दी गई। यह नाटक प्रदेश के स्वतंत्रता सेनानी गेंदसिंह, वीर नारायण सिंह, हनुमान सिंह और गुंडाधुर के जीवन पर केन्द्रित रहा। नाटक का लेख, परिकल्पना व निर्देशन डॉ. योगेन्द्र चौबे ने किया।

## भालू ने किया हमला हाथ में गंभीर चोंट

- स्थानीय अस्पताल में भर्ती, युवक खतरे से बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

धान बोझा बांधने मोहलई की लता तलाशने गए युवक पर झुरमुट में छिपे भालू ने हमला कर घायल कर दिया। भालू के हमले से युवक के हाथ मे गंभीर चोट पहुंची है।

जानकारी अनुसार वनाचंल क्षेत्र के गॉव मलईदा के 45 साल का युवक खुशवंत पिता केसर सिंह सिरसाम अपने साथी पुनीत राम धुर्वे के साथ धान कटाई बाद बोझा बांधने मोहलई पेड़ की लता लाने गॉव के दो किमी दूर जंगल की ओर गया था। लता तलाशते तलाशते दोनों युवक एक दूसरे से अलग हो गए इसी दौरान खुशवंत को झुरमुट में मोहलई की लता दिखी जिसे काटने के लिए वो करीब गया उसी दौरान वहॉ छिपे भालू ने उस पर हमला कर दिया और हाथ को जबड़े से दबाकर लगभग बीस मीटर दूर तक खींचकर ले गया। खुशवंत की चीख चिल्लाहट सुनकर दौड़े भागे आए पुनीत ने भालू को टंगिया दिखाकर डराया और लाठी से मारना चाहा तो भालू खुशवंत को छोड़कर जंगल की ओर भाग गया। घायल खुशवंत को लेकर पुनीत गॉव पहुँचा जिसके बाद उसे मोटरसाइकिल में बिठाकर वन विभाग के सुनील सिंह सहित अन्य के साथ परिजन सिविल अस्पताल पहुंचे जहां बीएमओ डॉ विवेक बिसेन ने मरहम पट्‌टी बाद उसे एडमिट किया है। युवक की जान खतरे से बाहर बताई जा रही है। दोपहर दो बजे के आसपास घटी इस घटना से वन विभाग के कर्मचारी भी हतप्रभ है उन्होंने वन क्षेत्र में भालू की उपस्थिति को देखते हुए अकेले जंगल जाने से मना करते हुए मुनादी कराई है।

## महादेव घाट में गंगा स्नान बाद दीपदान, जुटे हजारों श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बनारस, हरिद्वार की सनातनी परंपरानुसार शहर के आमनेर नदी में कार्तिक पुर्णिमा के अवसर पर हजारों लोगों ने दीपदान किया।

आमनेर नदी के रपटा में महादेव मंदिर पास निर्मित घाट में भागवताचार्य पंडित घनश्याम राधे तिवारी, पंडित सुदर्शन तिवारी, पंडित गुलशन तिवारी, पंडित मुकेश तिवारी पंडित धर्मेंद्र दुबे के सानिध्य में पूरे विधि विधान से हजारों लोगों ने गंगा आरती व दीपदान किया।

इस दौरान नपा अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, सांसद प्रतिनिधि भागवत शरण सिंह, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, जिपं सदस्य विप्लव साहू, टीके चंदेल, राकेश चंदवानी सहित मां शीतला सेवा समिति के आचार्य पंडित घनश्याम तिवारी, सूरज देवांगन, विपिन पटेल, जितेंद्र रजक, गिरधारी दुबे, गिरधर सिंह राजपूत, शुभम यादव, राम यादव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। गंगा आरती व दीपदान आयोजन को शहर के संगीत ग्रुप कलाकारों की दुनिया के गायको प्रदीप अग्रवाल, सावन सोनी सहित अन्य ने भक्ति गीत व भजनो की सुमधुर प्रस्तुति दी। प्रसादी वितरण साथ समापन हुआ।



### मंत्रोच्चार के साथ दीपदान

सबसे पहले डॉक्टर अरुण भारद्वाज ने सपरिवार मां गंगा के तैलचित्र की पूजा अर्चना कर आमनेर को मां गंगा को आमंत्रित किया जिसके बाद पांचों आचार्यो द्वारा शंखनाद कर पूरे घाट को भक्तिभव से सराबोर कर दिया गया। भव्य धूप आरती बाद महादेव मंदिर ट्रस्ट के सदस्य सुरेश सिंह ठाकुर ने सपत्निक मंत्रोच्चार साथ दीपदान किया। विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा भी इसमे शसामिल हुई।

## सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के अवेली में पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण जिपं सभापति व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम अध्यक्ष जिला साहू संघ अध्यक्ष टीलेश्वर साहू थे। जिपं सभापति विप्लव साहू, तहसील अध्यक्ष साहू संघ गिरधारी साहू, सरंक्षक परमानंद साहू, युदकुमार साहू, खोमलाल साहू, नूनकरण साहू, गोपाल साहू व नीलेश यादव बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष कोदूराम साहू, धनीराम साहू, राजेश्वरी साहू, डोरेलाल साहू, अनिल साहू, धन्नूराम साहू, सालिकराम साहू, राजेंद्र साहू, लखन साहू सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण उपस्थित थे।



### माता कर्मा की प्रतिमा का स्थापना

भवन लोकार्पण साथ ही भक्त माता कर्मा की प्रतिमा का विधिवत स्थापना बाद आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि घम्मन साहू ने कहा कि समाज व ग्रामीणों की मांग पर प्रदेश शासन ने सामुदायिक भवन के लिए राशि स्वीकृत की और अल्प समय मे ही सर्वसुविधायुक्त भवन बनकर तैयार हो गया है। इससे परिक्षेत्र साहू समाज के अलावा अन्य समाज के ग्रामीणों को भी सामाजिक बैठक, धार्मिक व पारिवारिक आयोजन मे काफी सुविधा होगी। उन्होंने भवन को सुरक्षित करने आगामी सत्र मे ढाई लाख रूपयों की प्रशासकीय स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया।

## पाम आईल के सेवन से बढ़ रहा स्वास्थ्यगत खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

क्षेत्र की अधिकांश होटलों, ढाबों, खोमचो आदि में खाद्य सामग्री बनाने के लिए पाम ऑइल का उपयोग किया जा रहा है। जानकर बताते है कि पाम आइल का उपयोग इसलिए किया जा रहा क्योंकि वह गंधहीन होता है और उच्च तापमान को सहने की क्षमता रखता है इसलिए उपयोग के बाद भी उनका रंग नहीं बदलता।

उसकी कीमत राइस ब्रान, मूंगफल्ली, सोयाबीन ,सूरजमुखी के तेल से कम होती है। इस संबंध में हुए शोध बताते है कि लगातार पाम ऑइल का उपयोग से इंसानों को कई बीमारियां घेर लेती है। विशेषज्ञ बताते है कि पाम आईल के सेवन से हृदय रोग, वजन बढ़ना, कोलेस्ट्रॉल बढ़ना, मधुमेह, लिवर की समस्या, पाचन समस्या, त्वचा, बालों की समस्या होने का खतरा बढ़ जाता है।

देखने में आ रहा है कि हृदय घात के शिकार बड़ी संख्या में लोग रहे हैं। बच्चे, जवान और बूढे इससे अछूते नहीं है। कहा जा रहा है कि होटल्र ढाबों में पाम ऑयल का उपयोग करना खतरनाक साबित हो रहा है।

#### जनजातीय नायकों की जीवनी पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित

## कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों के बलिदान और भीषण संघर्ष की गौरव गाथा को आज की पीढ़ी के सामने प्रस्तुत करने के उद्देश्य से पॉलिटेक्निक कालेज मे विविध आयोजन हुआ।

इस दौरान संस्था में छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग दिवसों पर जनजातीय नायकों की जीवनी और उनकी कला संस्कृति विषय पर विभिन्न प्रतियोगिता यथा रंगोली, मेहंदी, भाषण, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ भाग लेकर अपनी कला और ज्ञान का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जनजातीय नायकों के प्रति अपने सम्मान को अभिव्यक्त किया। इससे ना सिर्फ उनमे जागरूकता बढ़ी बल्कि जनजातीय समाज की संस्कृति और संघर्ष के प्रति एक नया दृष्टिकोण भी विकसित हुआ।



कार्यक्रम का समापन वैभव सुरंगे अखिल भारतीय युवा कार्य प्रमुख वनवासी कल्याण आश्रम के मुख्य आतिथ्य, राजीव शर्मा के विशिष्ट आतिथ्य व प्राचार्य एसबी वराठे की अध्यक्षता मे हुआ। मुख्य अतिथि श्री सुरंगे ने बताया कि जनजातीय समुदायों का इतिहास अत्यंत गौरवशाली है। उन्होंने विभिन्न जनजातीय नायकों जैसे छत्तीसगढ़ के शहीद वीर नारायण सिंह और गुण्डाधुर, मध्यप्रदेश की अमर बलिदानी गोंडवाना की रानी दुर्गावती, भगवान बिरसा मुंडा, तिलका मांझी, फूलो-झानो मुर्मू और कोमराम भीम के संघर्षपूर्ण इतिहास का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि आदिवासी प्रकृति पूजक और वनों के रक्षक हैं। जनजातीय कला संस्कृति केवल मनोरंजन के लिए नहीं अपितु इसमें उनकी आस्था होती है। यह सामुदायिक परंपरा है जिसको भक्ति के साथ सभी लोग निभाते हैं और इसमें उनकी आत्मा बसती है। इसी क्रम में छात्रों द्वारा गोंड जनजाति के पारंपरिक गोंडी नृत्य की प्रस्तुति दी गई जो जनजातीय संस्कृति की विविधता और उसकी सुंदरता को दर्शाती है। कार्यक्रम मे जनजातीय नायकों के संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलनों में उनके योगदान को वीडियो प्रस्तुति के माध्यम से दिखाया गया।

### बनाया फोटो फिर लगाई प्रदर्शनी

कार्यक्रम मे प्रदेश के 42 मे से चार 4 जनजातियों गोंड, माड़िया, उरांव और भील, झारखण्ड के संथाल जनजाति समुदाय के पारंपरिक वेशभूषा का प्रदर्शन किया गया। संथाली नृत्य सहित हस्तकला, काष्ठकला, शिल्पकला के अलावा छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रित जनजातीय नायकों की फोटो प्रदर्शनी लगाई गई। समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम संयोजक अंशु प्रीति कुजूर और सह-संयोजक सुलेखा कुजूर ने किया। सफल आयोजन में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम टोली के डॉ स्वाति टीकम, महेश कुमार देवांगन, रोशनी ताम्रकार, सीमा दिल्लीवार, मन्नू कुमार नायक, आरएन गोंड, रामप्रसाद चुरेंद्र व अशोक गोंड का योगदान रहा।

## धान का एक-एक दाना खरीदेगी विष्णुदेव सरकार : सचिन बघेल

**खैरागढ़।** समर्थन मूल्य मे धान खरीदी के पहले दिन जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल व जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने अमलीडीहकला, अमलीपारा, टोलागांव और बैहाटोला समिति में पहुंचकर विधिवत कांटा बांट की पूजा अर्चना कर धान तौलकर खरीदी का शुभारंभ किया।

टोलागांव व बैहाटोला में नवनिर्मित गोदाम का विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान सचिन सिंह बघेल ने खरीदी केंद्र मे मौजूद किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि विष्णु देव सरकार प्रदेश के सभी किसानों की उपज धान का एक एक दाना को खरीदकर जल्द से जल्द किसानों को एकमुश्त राशि खाते में डालेगी। उन्होंने समिति के अधिकारी कर्मचारियों को धान बेचने आए किसानों के साथ प्रेम व्यवहार करने की नसीहत देते हुए कहा कि तीन महीने तक खरीदी सुचारू रूप से संपादित हो।

किसानों को किसी प्रकार की असुविधा या दिक्कत का सामना ना करना पड़े इसका विशेष ध्यान रखे। जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू ने साय सरकार का आभार व्यक्त करते हुए किसानों से कहा कि उन्हें चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। राज्य और केंद्र की डबल इंजन सरकार किसानों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले इसके लिए प्रयासरत है। उन्होने कहा कि छत्तीसगढ़ एकमात्र ऐसा राज्य है जहां सबसे ज्यादा कीमत पर धान खरीदी हो रही है। बैहाटोला समिति में ग्रामीणों की मांग पर जिला पंचायत निधि से घम्मन साहू ने बोर खनन के लिए डेढ़ लाख रूपए देने की घोषणा की। इस दौरान पांडादाह मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिन्हा, महामंत्री गोरेलाल वर्मा, कृष्णा वर्मा, विशाल वर्मा, दिनेश वर्मा, महेंद्र वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, नारायणदास साहू, विष्णुदास साहू, मनोज साहू, उमेद ऊईके, तेजराम साहू, चंद्रेश सिंह बघेल, घनश्याम वर्मा, निमेश सिंह, मंथिर वर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।



## सार समाचार

### संजय बरेठ को कोतवाली थाना की कमान

**राजनांदगांव।** पुलिस विभाग द्वारा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए कोतवाली थाना में पदस्थ टीआई एमन साहू को रक्षित केंद्र स्थानांतरित किया गया है। वहीं कोतवाली थाना की कमान टीआई संजय बरेठ संभालेंगे। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग द्वारा आज स्थानांतरण आदेश जारी कर प्रशासनिक दृष्टिकोण से आगामी आदेश तक कोतवाली निरीक्षक एमन साहू को कोतवाली थाना से रक्षित केन्द्र और रक्षित केंद्र में पदस्थ निरीक्षक संजय बरेठ को रक्षित केन्द्र से कोतवाली थाना में स्थानांतरित किया गया है।

### गोडरी में आज मातर कार्यक्रम

**राजनांदगांव।** ग्राम गोडरी में पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी ठेठवार (यदु) समाज द्वारा मातर का आयोजन कल 17 नवंबर को रखा गया है। दिन में ग्रामवासियों के मनोरंजन के लिए राउत नाचा साज बाजा झांकी ग्राम रिवागहन (घुमका) वालों एवं रात्रिकालीन में मनोरंजन के लिए बाप बेटा का हास्य हंगामा, शिव भोला नाचा पार्टी ग्राम करमतरा (जालबांधा) खैरागढ़ वालों का कार्यक्रम रखा गया है। उक्त जानकारी देते सरपंच राजू यदु ने नागरिकों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### शोकाकुल परिवार से मिले खुज्जी विधायक

**राजनांदगांव।** ग्राम हैदलकोड़ो निवासी हेमिनबाई जांगड़े के पति परमेश्वर कुमार जांगड़े (शिक्षक) के दशगात्र, गंगा पूजा एवं चौका आरती कार्यक्रम में खुज्जी विधायक भोलाराम साहू शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित किए। साथ ही शोक संतृप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की। इस दौरान राजकुमारी सिन्हा, राजू सिन्हा, मनोज सिन्हा, सुर्य कुमार खिलाड़ी, मुनेंद्र कुमार, दिनेश्वर जांगड़े, तरूण लता, हितेश कुमार एवं अन्य लोग शामिल थे।

### साइंस एक्सिबिशन व बाल मेला आयोजित

**राजनांदगांव।** नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल बल्देवबाग एवं जयस्तंभ चौक ब्रांच का विज्ञान प्रदर्शनी व बाल मेला का आयोजन नीरज पैरेंट्स प्राईड स्कूल बल्देवबाग में 14 नवंबर बाल दिवस पर किया गया। इसमें कक्षा केजी-2 से 8वीं तक के बच्चों ने विज्ञान प्रदर्शनी का हिस्सा बने। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉयरेक्टर नीरज बाजपेयी एवं सोनल बाजपेयी तथा कुंतल बाजपेयी द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर विधिवत किया गया। इस प्रदर्शनी में साइंस, मैथ्स, हिन्दी, इंग्लिश सहित सभी विभागीय विषयों पर मॉडल तैयार किए गए एवं क्रमवार पालकों को समझाया व उनके जिज्ञासु प्रश्नों के जवाब आसानी से देकर बताया गया, जिसे पालकों ने बहुत सराहा। इसके साथ ही बाल मेला का आयोजन किया गया था। जिसमें बच्चों का उत्साह भी देखते ही बना। जिसमें आकर्षण का मुख्य केंद्र मोटू-पतलु सहित जंपर व मिक्की माउस झूला रहा। जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। साथ ही शिक्षकों द्वारा मनोरंजन एवं खाद्य सामग्रियों के स्टाल भी लगाए गए। जिसका बच्चों ने आनंद उठाया। कार्यक्रम में प्राचार्य ईला राठौर, प्राचार्य एकता गांधी, उप प्राचार्य आरती पिल्लई, एचएम वैशाली सिंग एवं स्नेहा तिवारी सहित स्कूल के शिक्षकों व स्टाफ ने अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया। उक्त जानकारी स्कूल प्रशासक ने दी।



## कलेक्टर ने ली शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक

# शत-प्रतिशत बच्चों का बनाएं अपार आईडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, प्राचार्यों एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयकों की बैठक ली। कलेक्टर ने अपार आईडी बनाने की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और इस कार्य को शीघ्र ही पूरा करने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने शत-प्रतिशत बच्चों का अपार आईडी बनाने कहा। कलेक्टर ने पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने आ रही कठिनाईयों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने संकुल स्तर पर राजस्व अधिकारियों को संकुल स्तर पर शिविर लगाकर पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य आवश्यक प्रमाण पत्र बनाने कहा।

जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने कम्प्यूटर का ज्ञान रखने वाले शिक्षकों को अपार आईडी का निर्माण करने कहा। उन्होंने बताया कि मोबाइल से भी अपार आईडी का निर्माण किया जा सकता है। उन्होंने पात्रता रखने वाले विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने तथा परख परीक्षा के आयोजन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

इस अवसर पर जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, जिला प्रोग्रामर राकेश नायर, सहायक संचालक बी. संगीता राव, समग्र शिक्षा प्रोग्रामर मधु पुष्पकर, सहायक परियोजना समन्वयक मनोज मरकाम एवं सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्तोत्र समन्वयक, शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे।




### जाति प्रमाण-पत्र बनवाने दिए दिशा निर्देश

कलेक्टर ने विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को पात्रता रखने वाले प्रत्येक बच्चों के जाति प्रमाण पत्र, निवासी प्रमाण पत्र बनाने पालकों से आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर ऑनलाइन आवेदन राजस्व कार्यालय में समय-सीमा में जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने नवंबर तक पात्रता रखने वाले सभी स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में 4 दिसंबर को कक्षा तीसरी, छठवीं एवं नवमीं के बच्चों के लिए परख परीक्षाएं आयोजित की जाएगी। विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए प्रत्येक दिन के अंतिम कालखंड में परख परीक्षा की तैयारी कराने तथा साप्ताहिक मॉक टेस्ट लेने के निर्देश दिए। जिससे जिले के शैक्षिक स्तर का वास्तविक आकलन हो सके।

### पूर्व सैनिक संगठन ने मनाया दिवाली मिलन

**राजनांदगांव।** पूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजनांदगांव जिले के विभिन्न क्षेत्रों से भूतपूर्व सैनिक शामिल हुए। दिवाली मिलन समारोह में विशेष अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव रहे। उन्होंने सभी सैनिकों का आभार व्यक्त करते कहा कि सैनिकों की सजगता एवं कर्तव्य निष्ठा की वजह से पूरा देश आराम से दीपावली, होली एवं अन्य त्यौहार शांति से मना पाता है। हम हर एक सैनिक एवं पूर्व सैनिक के आभारी हैं।

उक्त कार्यक्रम में युद्ध वीर श्यामराव कोथले जिन्होंने 1965 और 1971 के युद्ध में भाग लिया था। वारंट अफसर एमआर डड़सेना जिन्होंने 1962, 1965 और 1971 के तीन-तीन युद्ध में भाग लिया। भगवान दास 1965 और 1971 के युद्ध वीर एवं कारगिल युद्ध के अनेक युद्ध वीर समारोह में शामिल हुए। दीपावली मिलन के साथ-साथ सन 1971 भारत-पाक युद्ध। जिसमें भारत की ऐतिहासिक जीत हुई थी, की 52वी वर्षगांठ पर विजय दिवस समारोह आयोजन के विषय पर चर्चा किया गया।

## मंड़ई में चाकू लहराकर डरा-धमका रहे आरोपी पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गांव में मंडई के दौरान चाकू लहराकर आम लोगों को डराने-धमकाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 15 नवंबर को चौकी चिखली क्षेत्र के ग्राम कांकेतरा के मंडई में चाकू लहराकर लोगों में भय उत्पन्न कर रहे आरोपी खोमेश मोटघरे 24 साल साकिन ग्राम बरगाही को तत्काल पकड़कर आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

### शांति भंग करने के आरोप में कार्रवाई

ग्राम कांकेतरा में शांति भंग करने के उद्देश्य से शराब पीकर मंडई में आए आम लोगों को गाली-गलौज कर रहे संज्ञेय अपराध की प्रबल आशंका पर अनावेदक धनेश्वर उर्फ राजा साहू 24 साल साकिन लखोली, चुरामन सिन्हा 23 साल साकिन ग्राम कांकेतरा एवं शराब पीकर अपनी पत्नी से वाद-विवाद कर मोहल्ले में अशांति फैलाने वाले अनावेदक दिनेश वर्मा 36 साल साकिन बजरंगपुर नवागांव के विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर मान. न्यायालय राजनांदगांव में पेश किया गया।

## नाबालिग घर से बिना बताए आभूषण, नगद पैसा लेकर ट्रेन में कर रहा था सफर, आरपीएफ ने परिजनों के हवाले किया

- ट्रेन में चेकिंग के दौरान मिला नाबालिग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

घर वालों से नाराज होकर परिजनों को बिना बताए घर के जेवर एवं नगदी रकम लेकर ट्रेन में जा रहे नाबालिग को रेलवे प्रोटेक्शन फोर्स राजनांदगांव की मदद से सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया गया।

सूत्रों के मुताबिक 15 नवंबर को ड्यूटी के दौरान राजनांदगांव स्टेशन के प्लेटफार्म -1 में रेल सुरक्षा बल राजनांदगांव की प्रभारी निरीक्षक तरूणा साहू, उनि पीएल जुमडे, प्रआ एनके साहू व आरक्षक मनीष पटेल गाडी स.-18029 शालिमार एक्सप्रेस का स्टेशन में चेकिग कर रहे थे। इस दौरान एसी कोच के पास एक लड़का डरा-सहमा दिखने पर उससे पूछताछ करने पर अपना नाम व उम्र 14 जिला गोंदिया महाराष्ट्र का रहने वाला बताया। पूछताछ पर आगे बताया कि वह तिरोडा स्टेशन से इफटी नं.-बी. 914631 टिकट से गोंदिया से शालिमार बनवाया था तथा अपने यु-टूबर दोस्त से मिलने के लिए घर से बिना बताए सोने-चांदी के गहने और नगदी लेकर कोलकाता जा रहा था। जो आरपीएफ के चेकिंग के दौरान मिला।

### मोबाइल से संपर्क कर परिजनों को सौंपा

संदेह के आधार पर पूछताछ करने पर बताया कि वह अपने मां-बाप से नाराज होकर गुस्से में घर से निकल गया है। तत्पश्चात उक्त नाबात्गक लड़के को रेसुब पोस्ट राजनांदगांव में लाया गया। जिसके पास एक काले रंग का पिठ्ठु बैग था। बैग को खोलकर दिखाने पर उसमें पहनने के कपड़े एवं घर में किसी सदस्य को बिना बताए 54500 रुपए नगद व सोना गहना-जेवर कुल अनुमानित 433000 (चार लाख तैंतिस हजार), एक नग ओप्पो कंपनी का मोबाईल कीमत 13000 रुपए कुल कीमत 500500 (पांच लाख पांच सौ) रुपए बैग में रखे पाया गया। नाबालिग लड़के के पास से बंद हालत में मिले मोबाइल को चालू कराकर लड़के के परिजनों से संपर्क करने पर परिजनों द्वारा बताया गया कि उक्त नाबालिग लड़का गुस्से में घर से सोना, चांदी का जेवर एवं नगदी रुपए लेकर चला गया है। जिसके बारे में वे लोग पतासाजी कर ही रहे थे, परिजनों द्वारा बताया गया तथा लड़के को रोककर रखे रहने की बात बताते बताया कि हम आ रहे। पश्चात समय 10 बजे उसके परिजन पोस्ट में आए, वेरीफाई करने उपरांत उक्त नाबालिग लड़के के पास रखे नगदी रुपए व गहने-जेवर को पोस्ट में उपस्थित गवाहों के समक्ष परिजनों को सुपुर्द किया गया। उक्त व्यक्ति अपने लड़का के साथ नगदी रुपए व गहने-जेवर, मोबाइल समेत बैग को सही सलामत पाकर रे.सु.ब. राजनांदगांव का आभार व्यक्त किया गया।

## विदर्भ-छत्तीसगढ़ की क्रिकेट टीमों की सीरिज संपन्न

**राजनांदगांव।** दिग्विजय स्टेडियम के मैदान में जारी विदर्भ एवं छत्तीसगढ़ की गर्ल्स क्रिकेट टीमों (अंडर-15) का चार मैचों की श्रृंखला का समापन 14 नवंबर को संपन्न हुआ। इन चार मैचों की श्रृंखला में विदर्भ ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते छत्तीसगढ़ की टीम को 4-0 से हराकर क्लीन स्वीप किया।

श्रृंखला की समाप्ति पर दिग्विजय स्टेडियम में पुरस्कार वितरण समारोह एवं परिचय का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दिग्विजय स्टेडियम समिति अध्यक्ष एवं कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह उपस्थित थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के सह-सचिव एवं महिला क्रिकेट प्रभारी जीएस मूर्ति उपस्थित थे। समारोह में अतिथियों का स्वागत जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, प्रदेश के सलेक्टर सीएम मोरवी, दुर्गेश शुक्ला, विनोद जैन, अमित पंचोली, सुजीत द्विवेदी, ऋषभ बाफना, रोहित पारख इत्यादि ने किया। इन चार मैचों की श्रृंखला में 2 शतक बनाने वाली विदर्भ की बल्लेबाज आर्या पोंगडे एवं मेडन शतकवीर छत्तीसगढ़ की कप्तान यति शर्मा को पुरस्कृत किया गया। वहीं सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के लिए विदर्भ की कादंबरी ठाकरे एवं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज विदर्भ की ही श्वेता तिवारी को पुरस्कृत किया गया। विदर्भ की सलेक्टर अपर्णा का भी सम्मान सीईओ ने किया। विजेता टीम विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन एवं उपविजेता छत्तीसगढ़ की टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गई। कलेक्टर एवं सीईओ को ऐसोसिएशन द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। समारोह का संचालन दुर्गेश शुक्ला ने किया।




### अधिकारियों ने किया पुरस्कृत

अपने संबोधन में दोनों ही टीमों के प्रशिक्षक एवं टीम मैनेजर ने 10 दिवसीय इस सीरीज की व्यवस्था एवं विकेट की प्रशंसा की। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी ने अपने संबोधन में आयोजन संबंधित जानकारी दी। विदर्भ की टीम के सपोर्टिंग स्टाफ ने पिच क्यूरेटर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन को आयोजन हेतु धन्यवाद ज्ञापित भी किया। विदर्भ के अधिकारियों ने लोकल मैनेजर जयश्री साहू एवं पिच क्यूरेटर देवीसिंह वर्मा को पुरस्कृत किया। समारोह में कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं सुरूचि सिंह ने खिलाड़ियों, स्कोरर, सेलेक्टर्स, टीम मैनेजमेंट, अंपायर्स सभी से परिचय प्राप्त कर चर्चा की। कलेक्टर ने दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों को भविष्य में एक-दूसरे से संपर्क में रहने का सुझाव दिया। वहीं सुरूचि सिंह ने 15 वर्ष से कम आयु की इन गर्ल्स खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया। अतिथियों ने आदिवासी एवं ग्रामीण क्षेत्रों कोंडागांव, जशपुर एवं अन्य जगहों से आकर खेल रही गर्ल्स खिलाड़ियों से मिलकर प्रसन्नता व्यक्त की। समारोह में छत्तीसगढ़ के सलेक्टर विक्रम दुबे, स्टेडियम के मैनेजर रणविजय प्रताप सिंह सहित अन्य कई सदस्य उपस्थित थे।

## धान खरीदी केंद्र की मांग, किसान बैठे भूख हड़ताल पर

### तीन बुजुर्ग किसानों ने फूंका बिगुल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोरचाटोला में बीते 9 नवंबर को क्षेत्र के किसानों द्वारा धान खरीदी केंद्र खोलने के संबंध में चक्काजाम किया गया था। जिसकी सूचना मिलने पर प्रशासनिक अमला वहां पहुंचा। अधिकारियों की समझाइश एवं आश्वासन के बाद 5 घंटे चला चक्काजाम समाप्त हुआ, लेकिन सप्ताह गुजर जाने के बाद उनकी मांगे पूरी नहीं होने से नाराज किसान आज अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। हड़ताल में पांच ग्राम पंचायत एवं सोलह गांव के किसान शामिल हैं।

भूख हड़ताल पर बैठे किसान मनराखन लाल गजभिये 81वर्ष, रामजी लाल कोरचा 70 वर्ष, पूनाराम कल्लो 50 वर्ष भूख हड़ताल पर बैठे हैं। किसानों का कहना है कि वे कई वर्षों से धान खरीदी केंद्र खोलने के लिए लगातार ज्ञापन शासन-प्रशासन रमन सरकार से लेकर आज साय सरकार तक देते आ रहे हैं। उसके बाद भी धान खरीदी केंद्र नहीं खोलने के कारण हमें ये कदम उठाना पड़ा।

हड़तालियों का कहना है कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती, तब तक ये भूख हड़ताल अनवरत जारी रहेगी। हड़ताल में शामिल दिनेश नुरेशिया सरपंच कोरचाटोला, टेमनलाल कोमरे सरपंच पेंदलकुही, रैनबाई कोमरे सरपंच कुसुमकसा, पुनमदेवी सलामे सरपंच खुर्शीटिकुल, गौतरीहा कल्लो सरपंच ओटेबांधा तथा क्षेत्र के किसान शामिल हैं।

## आज खेला जाएगा अग्रसेन प्रीमियर लीग का फाईनल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अमित रूगंटा की स्मृति में खेले जा रहे अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के तत्वाधान में अग्रसेन प्रीमियर लीग का मेगा फाईनल मैच कल रात्रि 8 बजे से शिवनाथ वाटिका में आरंभ होगा।

इस प्रतियोगिता का समापन समारोह के मुख्य अतिथि राजेश अग्रवाल चेयरमेन रियल ग्रुप रायपुर तथा अध्यक्षता रामगोपाल गर्ग आईजी दुर्ग होंगे व आनंद सिंघानिया एमडी अविनाश ग्रुप रायपुर होंगे। टाईटल स्पांसर सनग्रुप के एमडी सुनिल अग्रवाल अध्यक्षता, मनोज अग्रवाल अध्यक्ष मां बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट डोगंरगढ़ समीर पोददार सत्या बिल्डकॉन तथा संतोष अग्रवाल राधाकृष्ण एजेंसी राजनांदगांव होंगे। इस प्रतियोगिता का सेमीफाईनल मैच 16 नंवबर को खेला गया। पहला मैच सुरेश ब्रदर्स बनाम राधे मिनरल्स तथा दूसरा सेमी फाईनल मैच स्फर्ट क्राय (प्री स्कूल) बनाम हनुमान गोयल दाल मिल के मध्य हुआ। विजेता दोनों टीम फाइनल में आज आमने-सामने होंगे।

अग्रसेन प्रीमियर लीग के वरिष्ठ सदस्य अतुल अग्रवाल, सीए विनोद अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, अमित अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, डॉ. शिरीष अग्रवाल, मयंक रूगंटा, अंकुश अग्रवाल, तपन जिंदल, प्रतीक अग्रवाल, सुलभ अग्रवाल, विकास गोयल, दिव्यांश अग्रवाल, कृष्णा लोहिया, भावेश अग्रवाल, अवंत अग्रवाल, गौरव अग्रवल, अमित अग्रवाल, सौरभ सिंघल, सिद्धार्थ अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, निंकुज सिंघल, अंकित लोहिया, अर्चित अग्रवाल ने बताया कि पांच दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में अग्रवाल समाज एवं आमजन का विशेष सहयोग एवं उत्साह देखते ही बनता है। प्रतियोगिता के अध्यक्ष अंकुल अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल ने कहा कि सदस्यों को इस प्रतियोगिता को सफल बनाने आभार एवं बधाई दी।




### मैच के परिणाम

15 नवंबर को खेले गए मैच के परिणाम में पहला मैच अपना मार्ट बनाम सुरेश ब्रदर्स के बीच खेला गया। जिसमें सुरेश ब्रदर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की। निर्धारित 8 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 109 रन का लक्ष्य अपना मार्ट की टीम को दिया। अपना मार्ट की टीम 69 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। सुरेश ब्रदर्स ने यह मैच 36 रन से जीत लिया। मैच के स्पर्श अग्रवाल हीरो रहे। दूसरा मैच हनुमान राईस मिल बनाम राधे मिनरल्स के मध्य खेला गया।हनुमान राईस मिल पहले गेंदबाजी का फैसला किया और निर्धारित 8 ओवर में मात्र 89 पर राधे मिनरल्स को रोक दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी हुनमान राईस मिल की टीम ने मात्र 6.3 ओवर में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। जिसमें विनय गोयल ने 24 गेंद पर 62 रन की धुंआधार पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने। तीसरा और आखरी मैच राम इंडस्टीज बनाम इंटिलेलोटस के मध्य खेला गया। जिसमें टॉस इंटिलेलोटस ने जीता तथा गेंदबाजी का फैसला किया। राम इंडस्टीज पहले बल्लेबाजी करते 65 रन ही बना पाई। इंटिलेलोटस की टीम ने 6.4 ओवर में लक्ष्य को हासिल कर लिया तथा विमल गोयल ने 33 रन का योगदान दिया तथा मैन ऑफ द मैच बने। यह जानकारी प्रचार-प्रसार प्रभारी राहुल अग्रवाल व नमन पोद्दार ने दी।

## रायपुर में आज परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ निषाद (केंवट) समाज प्रदेश संगठन, जिला संगठन, समस्त क्षेत्रिय समिति जिला रायपुर मुख्यालय केन्द्रीय कार्यालय कोहका भिलाई, जिला दुर्ग पंजीयन क्र. 10579 प्रदेश महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में कल 17 नवंबर को रायपुर फुडहर में 23वां राज्य स्तरीय युवक-युवती एवं विधवा-विधर परिचय सम्मेलन तथा आदर्श विवाह समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे।

राजनांदगांव मीडिया प्रभारी चैनकुमार निषाद सोनवानी ने बताया कि इस वर्ष भी छग निषाद केवट समाज प्रदेश संगठन, जिला संगठन, समस्त क्षेत्रीय समिति जिला रायपुर तथा समस्त प्रदेश प्रकोष्ठ युवा, महिला, कर्मचारी व्यापारी, विधि, साहित्य, मीडिया, समस्त जिला अध्यक्ष के सानिध्य में यह कार्यक्रम आयोजित की गई है।












## खबर संक्षेप

### कामठी स्कूल में शिक्षकों ने वितरित की 374 छात्र-छात्राओं को पानी बॉटल, विद्यार्थियों में उत्साह



**हरिभूमि पंडरिया।** शासकीय उच्चतर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कामठी में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ पं जवाहर लाल नेहरू को याद कर बाल दिवस मनाया गया, इस कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र कें जनपद सदस्य श्रीमती दीपा धुर्वे व विद्यालय अध्यक्ष द्वारिका विश्वकर्मा के कर कमलों से किया गया, इस अवसर पर विद्यालय कें सभी 374 छात्र छात्राओं को विद्यालय कें शिक्षक आरएन राजपूत, मनोज आदित्य, हीरालाल छापरिया, राजेश शर्मा, तुलस चंद्राकर व कोमल धृतलहरें द्वारा एक-एक पानी बॉटल प्रदान कर सम्मानित किया साथ ही साथ विद्यार्थियों द्वारा बाल आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं द्वारा अलग-अलग स्टॉल लगाया गया जिसमें ग्रामीण जन इस बाल आनंद मेला का लुप्त उठाया।

### तितरी में बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाई




**हरिभूमि कवर्धा।** ग्राम पंचायत तितरी में शुक्रवार को भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया, जिसमे ग्राम पंचायत प्रमुख श्रीमती भगवंतीन मरकाम, पंच व ग्रामीण जन उपस्थित हुए इसके अलावा कार्यक्रम में पंचायत स्तर के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित होकर सभी अपने-अपने विभागों से संबधित जानकारी ग्रामीण को दी गई। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान बिरसा मुंडा की तैलचित्र की पूजा अर्चना कर किया गया, ग्राम पंचायत सचिव उपदेश मेरावी द्वारा बिरसा मुंडा की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को भारत की संविधान की प्रस्तावना की शपथ के साथ-साथ स्वच्छता व नशामुक्ति का भी शपथ दिलाया गया वहीं एक पेड़ मां के नाम तहत पौधरोपण किया गया। अंत में राष्ट्रगान के साथ सरपंच प्रतिनिधि कांशीराम मरकाम द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### जिला प्रतिनिधिमंडल नें एसपी व जिला आबकारी अधिकारी से सौजन्य मुलाकात की



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे के नेतृत्व में प्रभारी पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह छवई एवं जिला आबकारी अधिकारी अजय सिंह धुर्वे से अलग-अलग समय में सौजन्य मुलाकात कर गुलदस्ता भेंट की गई। संगठनात्मक उद्देश्यों पर आवश्यक चर्चा किया गया। उक्त अवसर पर प्रांतीय सचिव लवन सिंह कंवर, जिलाध्यक्ष आसकरण सिंह धुर्वे, जिला महासचिव डॉ केशव ध्रुव, जिला उपाध्यक्ष अंजोर सिंह सिदार, कोषाध्यक्ष शिवराम सिंह श्याम, जिला सचिव रोहित कुमार धुर्वे, उद्घोषक मालिक मरकाम, वीरेंद्र तारम, जिला कार्यकारिणी सदस्य तिरु मीना धुर्वे, उदयभान मरावी, दिलीप कुमार धुर्वे, आरएन दिवान उपस्थित थें।

### भगतपुर में बाल दिवस धूमधाम से मनाई गई



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम भगतपुर के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर साथ-साथ कोलेगांव, धनेली, कंझेटा, कोलेगांव, बसनी में बाल दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ से मनाई गई। जिसमें सभी बच्चों को समोसा, मिठाई व चॉकलेट तथा लेखनी वितरित किया गया। इस बाल दिवस पर प्रधान पाठक एवं स्टॉफ के सभी शिक्षकों द्वारा बच्चों को बाल दिवस की विस्तृत जानकारी दी गई।

### पूर्व विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाई जन्मदिन



**हरिभूमि पाण्डातराई।** पंडरिया विधानसभा की पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर ने अपने निवास में कार्यकर्ताओं के साथ धूमधाम से केक काटकर जन्मदिन मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक ममता चंद्राकर को पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

### मां गंगा की किया गया भव्य महाआरती



**हरिभूमि कोलेगांव।** पंडरिया क्षेत्रांतर्गत ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में पं सागर तिवारी के नेतृत्व में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा पेंड्रीकला में प्रातः काल हाफ नदी गंगा घाट में स्नान के पश्चात 1000 दीपदान किया तथा मां गंगा की भव्य महाआरती कर पूजा अर्चना किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा कार्तिक माह में स्नान कर मंदिर प्रांगण में भोजन प्रसादी साथ ही साथ हरि कीर्तन रामायण पाठ किया गया। इस धार्मिक कार्य में हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति के संस्थापक एवं संयोजक राजेंद्र पटेल, रामेश्वर रजक, शुभभू निर्मलकर, सागर कश्यप, सुखचैन पटेल, ज्योति निर्मलकर, नंदनी यादव, संगीता निषाद, स्नेहा कश्यप, एकता चंद्राकर, आरती पटेल, रामबती पटेल, दामेश्वरी पटेल, प्रियंका यादव, सरिता निषाद, समीरा निषाद, प्रीति यादव, बीरन पटेल, शीतला निषाद, संतोषी, रत्ना यादव, कल्याणी निषाद, रंजिता पटेल, विजमा पटेल, निशा पटेल, दीविका पटेल सहित ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

**उत्साह :** एकता, सद्भावना व श्री शंकराचार्य जनकल्याण न्यास का ऐतिहासिक आयोजन

# देव दीपावली समारोह में किया 51 हजार दीपदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा नगर में ऐतिहासिक व देव दीपावली की भव्यता में एकता और सद्भावना, श्री शंकराचार्य जनकल्याण न्यास का ऐतिहासिक आयोजन छत्तीसगढ़ में उमंग पांडेय व स्मृति उपाध्याय के नेतृत्व में लगभग 4 हजार महिलाओं ने कार्तिक पूर्णिमा देव दीपावली के दिन 51 हजार दीपदान किया।

कार्यक्रम कें मुख्य अतिथि श्रीमद् ज्योतिर्मयानंद सरस्वती रहें, इस अवसर पर श्रीमद् ज्योतिर्मयानंद सरस्वती जी महाराज छत्तीसगढ़ के प्रथम दंडी महाराज दंडी स्वामी सलधा धाम जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ उपस्थित थे। वही श्रीमद् ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज ने कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह पर्व त्रिपुरासुर राक्षस के वध के बाद देवताओं द्वारा मनाया जाता है।

उन्होंने उपस्थित जनों को आशीर्वाद प्रदान किया और समाज में शांति और सद्भावना की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृह मंत्री विजय शर्मा ने फोन के माध्यम से आम जनता को संबोधित किया। सभी को देव दीपावली की शुभकामनाएं दीं, सांसद संतोष पांडेय ने भी कार्यक्रम में उपस्थित होकर आम जनता को संबोधित किया और श्री शंकराचार्य जन कल्याण न्यास को शुभकामनाएं दीं। इस कार्यक्रम का संचालन धर्म अलंकार डॉ पवन कुमार मिश्रा ने किया। इस अवसर पर मनहरण कौशिक अध्यक्ष नप परिषद, बंटी तिवारी अध्यक्ष सर्व ब्राह्मण समाज, अतुल देशलहरा, सतीश जैन, नेमीचंद जैन, महेंद्र सिंह खनूजा सिख समाज की ओर से, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजेंद्र सलूजा और अनेक समाज प्रमुख उपस्थित थे।



**सनातनी महिलाएं व नगरवासियों में भारी उत्साह का माहौल**

कवर्धा शहर की सभी सनातनी महिलाएं व माताएं-बहनें देव दीवाली में शामिल हुए। इस देव दीपावली को भव्य बनाने आयोजन समिति के सदस्यों व सनातनियों द्वारा धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस देव दीपावली में नगर की माताएं बहने व सनातनियों द्वारा 21 दिया लेकर पहुंचेंगे जहां प्रभु श्रीराम जानकी रमण देवालय में दीप प्रज्जवलित कर आशीर्वाद व मनोकामना प्राप्त किए।




# शिव महापुराण कथा का पूर्णाहुति व शोभा यात्रा के साथ संपन्न

- वार्डवासियों ने कथा रसपान कर अपने जीवन को कृतार्थ किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

कवर्धा नगर के बहादुर गंज वार्ड नं 21 में 5 से 13 नवम्बर तक शिवमहापुराण कथा का पूर्णाहुति के साथ हुआ। शिवपुराण कथा वाचक पं धनंजय दुबे महाराज के सानिध्य में संपन्न किया गया है, जिसमें बड़ी संख्या में नगर व वार्डवासी माताएं-बहनें व पुरुष शामिल हुए। इस कथा के मुख्य आयोजक उगता सूरज महिला समूह व समस्त वार्डवासी रहे, कथा वाचक पं धनंजय दुबे ने अंतिम दिन की कथा सार से सुनाते हुए भक्तों से कहा कि शिव के महात्मय से ओत-प्रोत यह पुराण शिव महापुराण के नाम से प्रसिद्ध है। भगवान शिव पापों का नाश करने वाले देव हैं तथा बड़े सरल स्वभाव के हैं। इनका एक नाम भोला भी है, अपने नाम के अनुसार ही बड़े भोले-भाले एवं शीघ्र ही प्रसन्न होकर भक्तों को मनवांछित फल देने वाले हैं। कथावाचक श्री दुबे ने श्रद्धालुओं से कहा कि धार्मिक आयोजनों में भावनाएं होनी जरूरी है। सगुण, साकार सूर्य, चंद्रमा, जल, पृथ्वी, वायु यह एक शिव पुराण का स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि अपने चारों ओर सदैव वातावरण शुद्ध रखें। जहां स्वच्छता और शांति होती है, वहां देवताओं का वास होता है। जल, वायु, पेड़ एक चेतन से लेकर जड़ चेतन में आकर एक-दूसरे के सहायक बनते हैं, जहां अधार्मिकता बढ़ जाती है और कर्म को भूल जाते हैं वहां शिव और शक्ति दोनों नहीं होते। शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान शिव ही मनुष्य को सांसारिक बंधनों से मुक्त कर सकते हैं, शिव की भक्ति से सुख व समृद्धि प्राप्त की जा सकती है वहीं कथा के इस प्रसंग को सुनकर श्रोता व श्रद्धालुगण अपने जीवन को कृतार्थ किया।

### जनजातीय समाज का एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

महंत श्रीराम जानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में भारत एवं छत्तीसगढ़ राज्य के जनजातीय समुदाय तथा उनके परम्परा, संस्कृति, कला एवं गौरवशाली इतिहास पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सामाजिक कार्यकर्ता हेमंत ठाकुर, मुख्य वक्ता शिक्षक शत्रुहन नेताम, एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ एसके श्रीवास द्वारा भारत माता, भगवान बिरसा मुंडा, दुर्गावती, शहीद वीरनारायण सिंह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम के उद्बोधन में प्राचार्य डॉ एसके श्रीवास ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण और राष्ट्रीय गौरव, वीरता तथा अतीत के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में आदिवासियों का विशेष योगदान है। मुख्य अतिथि हेमंत कुमार ठाकुर ने कहा कि जनजातीय समाज को जानना है तो उनके इतिहास, परम्परा, रीति रिवाज सामाजिक स्थिति व संघर्ष को जानना अति आवश्यक है। मुख्य वक्ता शत्रुहन नेताम ने बताया कि जनजातीय समाज द्वारा किए गए संघर्ष 1857 से पूर्व प्रारम्भ हो गया था, उन्होंने ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ भारत के विभिन्न क्षेत्रों में कई आदिवासी आंदोलन किए। इन आदिवासी समुदायों में भगवान बिरसा मुंडा, शहीद वीरनारायण सिंह, रानी दुर्गावती आदि के संघर्ष को बताया। महाविद्यालय के छात्रों ने बस्तर पारंपरिक वेशभूषा में मनमोहक नृत्य एवं गायन प्रस्तुत किए, जिस पर छात्राओं को उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया। उक्त कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि ईश्वरी ध्रुवे, शिवराम सिंह श्याम, लवन सिंह कवंर, रघुवीर मेरावी, सत्येंद्र चंद्रवंशी, बृजभूषण वर्मा ने जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर व्याख्यान प्रस्तुत किए। इस अवसर पर जीवन सिंह मरकाम, रामेशर सिंह ध्रुवे एवं अन्य कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य अतिथि द्वारा शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जेपी साहू, प्रकाश चंद्रवंशी, खिलेश्वर चंद, बलराम सिंह ठाकुर व समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र छात्रा उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन सीआर साहू व अभिजीत केशरवानी ने किया।

### विनायक स्कूल में बाल उत्सव व आनंद मेला संपन्न



**हरिभूमि कवर्धा।** विनायक पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल रामनगर शंकरनगर कवर्धा में चिल्ड्रंस डे शुभ अवसर पर बाल उत्सव व आनंद मेला का मनमोहक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती के तैलचित्र में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात बच्चों के चहेते पं जवाहरलाल नेहरू के जयंती अवसर पर उन्हें याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर कार्यक्रम को गति प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रुप से उपस्थित हुए संस्था प्रमुख, निदेशक डॉ एन साहू एवं अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी साहू का शिष्टाचार स्वागत, स्कूल एकेडमीक शैक्षणिक स्टाफ द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। वहीं प्राचार्य नें सभी को बाल दिवस की बधाई देते हुए इस बाल उत्सव आनंद मेला के आयोजन के विषय में विस्तृत जानकारीयां देते हुए प्रकाश डाला। स्कूल निदेशक एवं संस्था प्रमुख द्वारा सभी स्कूल एकेडमीक स्टॉफ एवं सभी छात्र-छात्राओं को इस बाल महोत्सव आनंद मेला के शुभ अवसर पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए व चाचा नेहरू को याद करते हुए उनके जन्मदिवस के इस खास अवसर पर प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और सभी छात्र-छात्राओं ने अपने रुचि अनुसार सिंगिंग, डांसिंग, फैंसी ड्रेस एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से इस बाल मेला में समा बांधते हुए इस उत्सव को खास बनाया। इस कार्यक्रम के अंत में इस बाल उत्सव आनंद मेला के अवसर पर सभी नन्हे मुन्हे व बड़े बच्चों को उनका उत्साह वर्धन के लिए सांत्वना पुरस्कार के साथ-साथ बेस्ट फूड मेनू के लिए प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### माटी के महिमा लोकरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आज



हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

ग्राम पंचायत भाटकुंडेरा में दीपोत्सव कार्यक्रम पर्व में रविवार को रात्रिकालीन माटी के महिमा लोकरंग कुलेश्वर ताम्रकार व साथी द्वारा शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्रवासियों को अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई। उक्त जानकारी कार्यक्रम संचालक शारदा मिश्रा द्वारा दी गई।

### डोमसरा में खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न



**हरिभूमि पंडरिया।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला डोमसरा में बाल दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम व खेल का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे गीत, कविता व डांस प्रस्तुत की गई। इसके अलावा चाचा नेहरू के जीवनी के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया, शिक्षिका गिरिजा पटेल द्वारा प्राथमिक व मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों का खेल प्रतियोगता कराया जिसमें दौड़ प्रतियोगिता 50 मीटर, 100, 200 व 400 मीटर दौड़, रिलेरेश, त्रिटंगी दौड़, कबड्डी, खो-खो, चम्मच-गोली खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विवेक, रोमेश, सौम्या, शिवराज तथा प्राची, भोजेश्वरी, दिनेश्वरी, निकिता प्रथम स्थान प्राप्त किया। रिलेरेश में सौम्या, साथी व अंकिता व साथी प्रथम स्थान रहें। त्रिटंगी दौड़ में रोमेश व साथी तथा सुहानी व साथी प्रथम स्थान रहें। इसी तरह बालक कबड्डी में पीयूष व साथी तथा बालिकाओं में शीतल व साथी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा खो-खो में निकिता व साथी प्रथम स्थान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रभा व साथी प्रथम तथा शीतल एवं साथी द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोली-चम्मच में मिठालेश्वरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठक कुमुदिनी तिवारी, मोहन राजपूत, विश्वलता मानिकपुरी, यशवंत पाठक, प्रवीण तिवारी, गिरिजा पटेल सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

**पाठक सूचना**
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र
2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

Health Town
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टुला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

HCC IS NOW हिअरज़ेप
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
9659 455 455
श्रवण यंत्र पर भारी छूट • कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) • स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH | TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

DR. MANOJ AGARWALA'S SKIN & HAIR CLINIC
डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर)
(गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं
मुंहासे • सोरायसिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन
विटिलिगो/ ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया
अर्टिकेरिया • फंगल इनफेक्शन • टेली कंसलटेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.)
0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**कार्यवाही:** आरोपी ग्राम डबरी स्थित अपने मकान से संचालित कर रहा अवैध शराब दुकान

# 209 पौवा देशी अवैध शराब की खेप के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कुण्डा पुलिस ने बीते शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर एक बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध ढंग से शराब का भण्डारण और बिक्री करने वाले एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए आरोपी के पास से पुलिस ने कुल 209 पौवा देशी शराब जप्त की है वहीं आरोपी के पास से शराब बिक्री से प्राप्त आठ सौ रूपए की नगदी भी जप्त की गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते शुक्रवार को कुण्डा पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली थी कि कुण्डा थाना क्षेत्र के ग्राम डबरी का रहने वाला सुमन दिवाकर पिता दरबार सिंह आयु 32 वर्ष अपने घर में देशी शराब की बड़ी खेप रखे हुए है और अवैध रूप से उसकी बिक्री कर धन अर्जित कर रहा है। इस सूचना के आधार पर कुण्डा थाना प्रभारी निरीक्षक महेश प्रधान ने अपने वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश तथा मार्ग दर्शन में तत्काल एक टीम गठित कर आरोपी के ठिकाने में दबिस दी और आरोपी के घर की तलाश के दौरान छिपाकर रखी गई 209 पौवा देशी शराब जप्त कर ली। थाना प्रभारी श्री प्रधान के मुताबिक प्रत्येक शराब की बोतल में 180 मिली लीटर शराब भरी पाई गई जिसका कुल माप 37.0276 बल्क लीटर है। इसके अतिरिक्त आरोपी के पास से 800 की नकदी भी जब्त की गई। जब्त शराब और नकदी की कुल अनुमानित कीमत 19,610 है। उन्होने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी महेश प्रधान के नेतृत्व में निरीक्षक विनोद खंडे, प्रधान आरक्षक भोला सिंह, आरक्षक जलेश्वर कश्यप, अनुज दिवाकर, विकास श्रीवास्तव, संजय मरावी, महिला आरक्षक बबली चंद्राकर ने मुख्य भूमिका निभाई। साइबर सेल टीम से निरीक्षक आशीष कंसारी, प्रधान आरक्षक वैभव और आरक्षक आकाश का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।






### आखिर आरोपी के पास कहां से आई शराब की इतनी बड़ी खेप

कुण्डा पुलिस द्वारा की गई इस बड़ी कार्यवाही और अवैध शराब की जप्ती के बाद सबसे बड़ी सवाल यही उठ रहा है कि आखिर आरोपी के पास इतनी बड़ी मात्रा में अवैध शराब की खेप आई तो आई कहां से। क्योंकि कवर्धा सहित पूरे प्रदेश में शराब बिक्री का जिम्मा तो सरकार ने अपने अधीनस्थ आबकारी विभाग को दे रखा है और शराब की बिक्री आबकारी विभाग ही सरकारी शराब दुकानों के माध्यम से कर रहा है और फिर शासन के नियमानुसार आबकारी विभाग एक निर्धारित मात्रा से अधिक शराब किसी व्यक्ति को कर भी नहीं सकता तो फिर बड़ा सवाल यही उठ रहा है कि ग्राम डबरी के इस आरोपी पर कौन मेहरबान है जो उसे इतनी बड़ी मात्रा में अवैध शराब की खेप उपलब्ध करा रहा है। हालांकि अभी तक पुलिस ने इस बात का खुलासा नहीं किया है कि आरोपी द्वारा इस शराब की खेप कहां से और किसके माध्यम से जुटाई थी। जो निश्चित रूप से जांच का विषय है।

# ग्रामीण के सूने मकान में अज्ञात कारणों से लगी भीषण आग, गृहस्थ खाक

- पीड़ित परिवार ने कहा किसी ने मकान में जानबूझ कर लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

तरेगांव जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम झोलाबहरा निवासी एक ग्रामीण के कच्चे सूने मकान में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी भीषण आग लग गई। इस अग्नी दुर्घटना में जहां पीड़ित ग्रामीण का कच्चा मकान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया वहीं घर में रखा अनाज, कपड़ा, लत्ता तथा गृहस्थी का दूसरा सामान भी जलकर नष्ट हो गया। अभी तक मकान में आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं पीड़ित मकान मालिक का आरोप है कि मकान में किसी शरारती तत्व द्वारा आग लगाई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तरेगांव जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम झोलाबहरा निवासी गंगा प्रसाद बैगा के सूने मकान में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात उस समय भीषण आग लग गई जब वे अपने परिजनो के साथ किसी कार्य से बाहर गए हुए थे। रात करीब 3.00 बजे मकान में लगी आग की भनक स्थानीय ग्रामीणों को भी नहीं मिल पाई। शनिवार की सुबह जब ग्रामीण अपने घरों से बाहर निकले तो गंगा प्रसाद का घर जल रहा था। जिसकी जानकारी उन्होने तत्काल गंगा प्रसाद को दी। बताया जाता है कि आग में कच्चा मकान पूरी तरह से नष्ट हो चुका है वहीं मकान में रखा गृहस्थी का सामान भी खाक हो चुका है। जिससे पीड़ित ग्रामीण को भारी नुकसान उठाना पड़ गया है और उसका परिवार फिलहाल सड़क पर आ गया है। गंगा प्रसाद ने बताया कि उसे जानकारी नहीं है कि मकान में आग कैसे लगी लेकिन उन्होने आशंका व्यक्त की है कि मकान में आग लगी नहीं है लगाई गई है। हालांकि अभी तक मामले में पुलिसिया कार्यवाही की जानकारी नहीं मिल पाई है।



# प्रकाश पर्व पर सिख समाज ने निकाली गुरूग्रंथ साहब की भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मजहबी एकता की सतरंगी छटांओं के बीच श्री गुरूनानक देव जी के जन्मोत्सव पर शनिवार को सिख समाज द्वारा पंज प्यारों की अगुवाई में कवर्धा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। बाजे गाजे व आतिशी धमाकों के साथ निकाली गई इस शोभायात्रा में समाज के महिला, पुरूष तथा बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और गुरूग्रंथ साहब का नमन किया। सिख पंथ के संस्थापक और कौमी एकता के महान दूत श्री गुरूनानक देव का जन्म दिवस सिख समाज ने प्रकाश उत्सव के रूप में मनाया। पर्व के मौके पर शनिवार की दोपहर बाद समाज द्वारा आम गुरूद्वारा से विशाल शोभा यात्रा पंज प्यारों के नेतृत्व में निकाली गई। शोभा यात्रा में अपने विशेष पोषाक में सजे धजे पंज प्यारे आकर्षण का केन्द्र रहे। शोभायात्रा में बाजे गाजे के साथ शबद कीर्तन करते महिला व पुरूष जत्थे, पंज प्यारे के साथ अव्वल अल्ला नूर उपाया, कुदरत के सब बंदे गाते हुए चल रहे थे। शोभा यात्रा गुरूद्वारा से प्रारंभ होकर गुरू गोविंद सिंह चौक, इंदिरा चौक, वीर स्तंभ चौक, शिवा जी चौक, अम्बेडकर चौक, राजमहल चौक, कचहरी चौक, करपात्री चौक, शीतला चौक, ऋषभ देव चौक से होती हुई पुनः गुरूद्वारा पहुंची। इस दौरान दूसरे समाज के लोगों ने इस शोभायात्रा का स्वागत व सम्मान भी किया गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस शोभायात्रा के लिए विशेष रूप से निर्मित एवं सुसज्जित वाहन तैयार किया था जिसे पुष्प मालाओं तथा गुरू संदेशों द्वारा सजाया गया था। शोभयात्रा के बाद रात्रि करीब 8.00 बजे गुरूद्वारा पहुंचने पर शबद कीर्तन एवं गुरू का अटूट लंगर आयोजित किया जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने प्रसादी ग्रहण की। प्रकाश पर्व के मौके पर गुरूद्वारा में आकर्षक साज सज्जा की गई थी। जिसकी सुंदरता देखते ही बन रही थी। गुरूनानक देव जी की जयंती और उस पर इस भव्य आयोजन को लेकर सिक्ख समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

### शस्त्र कला का किया गया प्रदर्शन

शोभा यात्रा में शामिल सिख समाज के युवाओं ने जगह-जगह शानदार शस्त्रकला का प्रदर्शन किया। इस दौरान जबांज युवाओं ने तलवारबाजी, डंडा आदि का प्रदर्शन किया, जिसे देख लोग दांतों तले उंगली दबाकर रह गए। दर्शकों ने भी युवाओं की इस जबांजी की जमकर सराहना की।

# जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय समुदाय के लिए उनके योगदान को स्मरण करते हुए आज 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर कबीरधाम जिले के 275 ग्रामों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ग्राम सभा सह उन्मुखीकरणन कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों, निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं अन्य हितधारकों का क्षमता विकास करने प्रशिक्षण भी दिया गया। ग्राम सभा में संविधान की प्रस्तावना का वाचन, स्वच्छता शपथ, नशीली दवाओं के दुरूपयोग के खिलाफ शपथ ग्रामीणों द्वारा ली गई। साथ ही प्रशिक्षण में पेसा, वन अधिकार अधिनियम सतत विकास लक्ष्यों के स्थानीयकरण जैसे विभिन्न विषयों पर जानकारी देते हुए एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत वृक्षारोपण कर प्रकृति को संरक्षित करने संदेश दिया गया। ग्राम सभा के संबंध में कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा ने बताया कि जनपद पंचायत बोड़ला के 226, जनपद पंचायत पंडरिया के 41, जनपद पंचायत स.लोहारा के 07, एवं जनपद पंचायत कवर्धा के 01 ग्राम सहित जिले के कुल 275 ग्रामों में आज ग्राम सभा आयोजित हुई। जिसमे स्वास्थ्य विभाग,महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा वन विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग सहित अन्य विभागो के मैदानी कर्मचारी ग्राम सभा में उपस्थित होकर योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई।



## खबर संक्षेप

### कौशल परीक्षा का आयोजन 20 नवम्बर को

**कवर्धा।** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत जिला और जनपद स्तर पर संविदा रिक्त पदों की भर्ती के लिए दावा आपत्ति निराकरण और पदवार पात्र अभयर्भियों की मेरीट सूची का प्रकाशन 15 नवम्बर 2024 को सायं 05:00 बजे जिले की वेब साईट पर अपलोड किया जाएगा। वहीं कौशल परीक्षा का आयोजन 20 नवम्बर को किया जाएगा।

### जिला रेडक्रॉस की बैठक 19 नवंबर को

**कवर्धा।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष गोपाल वर्मा रेडक्रॉस सोसाइटी जिला शाखा कबीरधाम के दिशा निर्देश पर जिला प्रबंध समिति गठन के लिए बैठक आहूत की जाएगी। इस संबंध में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव डॉ. बीएल राज ने बताया कि रेडक्रॉस सोसाइटी जिला कबीरधाम के समस्त आजीवन सदस्यों की सामान्य सभा बैठक 19. नवम्बर 2024 को समय 1.00 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी। इस बैठक में प्रबंध समिति का चुनाव किया जाएगा। उन्होंने रेडक्रॉस के समस्त आजीवन सदस्यों को बैठक में परिचय पत्र के साथ उपस्थित होने आमंत्रित किया है।

### आधार संचालकों की हड़ताल 18 से 20 तक

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ आधार सेवा समिति ने अपनी सात सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर तीन दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का ऐलान किया है। समिति से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश भर के करीब दो हजार ऑपरेटर अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर 18 नवम्बर से 20 नवम्बर तक सांकेतिक हड़ताल में रहेंगे।

## संस्था ने कहा सर्पदंश पीड़ित बच्चे को एम्बुलेंस उपलब्ध कराने में नहीं की गई देरी

**कवर्धा।** आपातकालीन सेवा का संचालन करने वाली संस्था ने सर्पदंश से नौ वर्षीय बालक की मौत को लेकर समय रहते पीड़ित को एम्बुलेंस की सुविधा नहीं मिले के आरोप को खारिज करते हुए अपना पक्ष रखा है। इस संबंध में संस्थान ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि 108 सेवा का संचालन करने वाली संस्था ने सर्पदंश से पीड़ित मृत बैगा आदिवासी बालक निवासी लीलादादार को एम्बुलेंस नहीं मिलने के आरोप को गलत बताया है। संस्था ने कहा कि उनके पास सर्पदंश पीड़ित बच्चे रवि कुमार को पीएचसी तरेगांव से सीएचसी बोड़ला रेफर करने के लिए 15 नवंबर शुक्रवार को दोपहर 12:45 को कॉल सेंटर में फोन आया था। मरीज के परिजन द्वारा बताया गया कि रवि कुमार को किसी जहरीले सांप ने काट लिया है और वह पीएचसी तरेगांव में भर्ती हैं, हॉस्पिटल स्टाफ़ द्वारा युवक को बेहतर उपचार के लिए सीएचसी बोड़ला रिफर किया जा रहा है। सूचना मिलते ही और केस की गंभीरता को देखते हुए तुरन्त हमारे द्वारा सीएचसी बोड़ला लोकेशन की एम्बुलेंस दोपहर 12:47 को रवाना किया गया और उक्त एम्बुलेंस 1 बजकर 20 मिनट में बैजलपुर पहुंची थी, जहां परिजन सर्पदंश पीड़ित बच्चे को लेकर आ रहे थे, जल्द ही रवि कुमार को एम्बुलेंस में बैठाकर सीएचसी बोड़ला पहुंचाया गया। जहां जांच उपरांत चिकित्सकों द्वारा बच्चे को मृत घोषित कर दिया गया। संस्था ने कहा है कि मृत बच्चे रवि कुमार के परिवारजनों से संस्था पूरी संवेदना है। साथ ही उन्होने यह भी कहा कि समय पर एम्बुलेंस नहीं मिलने से बच्चे की मौत की बात कही जा रही है वह सही नहीं है। 108 की टीम पूरी तत्परता और सेवाभाव से जिले के विषम परिस्थितियों के बीच कबीरधाम में आमजन मानस को सेवा दे रही है। गौरतलब है कि सर्पदंश पीड़ित बच्चे की मौत होने के बाद जिले के ग्रामीण व वनांचलों में संचालित सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

# खपरी में कार्तिक पूर्णिमा पर किया गया दीपदान

- कार्तिक पूर्णिमा पर स्थानीय सकरी नदी में जुटी ग्रामीणों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कार्तिक पूर्णिमा के पावन पर्व पर बीते शुक्रवार को गोधूलि बेला में ग्राम खपरी में दीपदान का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के तहत गांव के अधिकांश घरों से पांच-पांच दीपक प्रज्वलित कर स्थानीय सकरी नदी में प्रवाहित किए गए। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में दीपक जलाकर बहती जलधारा में दीप प्रवाहित करने की परंपरा निभाई। इस अवसर पर सैकड़ो दीपक सकरी नदी में जगमगाते नजर आए, एक नजारा बेहद सुंदर और मनमोहक था। मानस प्रवक्ता पंडित कमलेश पाण्डेय ने बताया कि जीवन में अंधकार मिटे और उजाला आए इसलिए दीपदान किया जाता है।

पदम पुराण के अनुसार कार्तिक माह भर भगवान विष्णु के समक्ष दीपदान करने से समस्त यज्ञ दान व तीर्थो का फल प्राप्त होता है। पर्व के मौके पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने घर से लाए पांच-पांच दीपक नदी में प्रवाह कर भक्ति वंदना की। इस अवसर पर सरिता चन्द्रवंशी, कुमारी पांडेय, भावना, ललीता चन्द्रवंशी, सुशीला, सरोज, शशि, उर्मिला, सरोज चन्द्रवंशी, अंशु, रितु, चंदाबाई सहित बड़ी संख्या में गांव की महिलाएं दीप दान करने पहुंची थी। इससे पूर्व प्रातः काल लोगों ने नदी में स्नान व पूजा अर्चना भी की।

## दीपदान...



**कवर्धा।** कार्तिक मास की पूर्णिमा पर ग्राम खपरी के ग्रामीणों ने सकरी नदी में किया दीपदान

जनपद उपाध्यक्ष ने किया 15 लाख की पक्की नाली निर्माण कार्य का भूमिपूजन

# उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से बैजलपुर में बनेगी पक्की नाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

प्रदेश की भाजपा सरकार एवं कवर्धा विधायक तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा कबीरधाम जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण एवं वनांचल ईलाकों में जिलेवासियों की मांग और आवश्यकता के अनुरूप लगातार विकास व निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान कर निर्माण व विकास कार्यो को मूर्त रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को जनपद पंचायत कवर्धा के ग्राम बैजलपुर में मनरेगा मद से स्वीकृत 15 लाख रूप की पक्की नाली निर्माण का भूमिपूजन जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन करते हुए जनपद उपाध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में पूरे पांच सालों तक प्रदेश सहित जिले का विकास थमा हुआ था लेकिन प्रदेश में अब भाजपा की सरकार आने के बाद विकास कार्य को गति मिल गई है। प्रदेश के मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय तथा प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से लगातार जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण और वनांचल ईलाकों में क्षेत्रवासियों की मांग व आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकास एवं निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान की जा रही है। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ खेमराज साहू, अशोक साहू ,गणेश साहू ग्राम पटेल, सरपंच मुक्तानन्द साहू, सुख चैन साहू, नरेंद्र साहू, दीपक साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# पीजी कॉलेज में वर्षो से हो रही थी गड़बड़ी: रिंकेश

- जनभागीदारी शुल्क में भ्रष्टाचार के मामले में जांच व कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कवर्धा नगर में संचालित शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय में जनभागीदारी शुल्क में गड़बड़ी के मामले में जनभागीदारी अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव ने एक विज्ञप्ती जारी करते हुए कहा है कि कवर्धा पीजी कॉलेज में विगत कई वर्षो से जन भागीदारी मद में पैसा जमा नहीं हो रहा है। इस बात का खुलासा भाजपा की सरकार आने तथा नए जन भागीदारी समिति का गठन होने के बाद किया गया है। उन्होने बताया कि इस बात की जानकारी होने के बाद उनके द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य को पत्र लिखकर जांच करने को कहा तथा आयुक्त को 11 नवंबर को पत्र लिखकर जांच करने की मांग की गई। जनभागीदारी अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मामले की सूक्ष्म जानकारी लेने तथा बैंक स्टेटमेंट निकलवाने पर यह भी खुलासा हुआ है कि विगत कई सालों से जनभागीदारी की कुछ ही राशि जमा हो रही है वहीं जन भागीदारी प्राध्यापक और जन भागीदारी कर्मचारियों को विगत कई सालों से वेतन का भुगतान फोन पे और नगद राशि के रूप में की जा रही है। इस खुलासे के बाद रिंकेश वैष्णव द्वारा प्राचार्य से तुरंत जन भागीदारी मद की जानकारी मांगी गई। तब जाकर पता चला की सहायक ग्रेड 2 (लेखा प्रभारी ) के द्वारा भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा था। अब जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष रिंकेश वैष्णव ने आयुक्त और कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की जांच कराए जाने एवं दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

